रोहतक, गुरुवार 26 जून 2025 ■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा ■ वर्ष : 29, अंक : 146 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि.36.8 न्यून.25.0 haribhoomi.com




## भारत के शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना

एक्सिओम-4 मिशन

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



- शुभांशु ने कहा, कंधे का तिरंगा मुझे देश से जोड़े हुए है
- दोपहर करीब 12 बजे फ्लोरिडा में नासा के कनेडी स्पेस सेंटर से भरी उड़ान
- तीन अन्य एस्ट्रोनॉट भी स्पेस स्टेशन हुए रवाना
- इससे पहले छह बार टल चुका था मिशन

# नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियो! 41 साल बाद हम अंतरिक्ष में पहुंच गए, यह कमाल की यात्रा, हम 7.5 किमी प्रति सेकेंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे : शुभांशु

नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियो! क्या सफर है। 41 साल बाद हम एक बार फिर अंतरिक्ष में हैं। यह अद्भुत सफर है। हम 7.5 किमी प्रति सेकेंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। मेरे कंधों पर लगा तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। मेरी यह यात्रा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इस यात्रा का हिस्सा बनें। आपके सीने में भी गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। आइये मिलकर भारत के अंतरिक्ष मिशन की शुरुआत करें। जय हिन्द! जय भारत!
**शुभांशु शुक्ला, भारतीय अंतरिक्ष यात्री**

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को 3 अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा कपर रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12:1 बजे एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी, जिसका दुनिया भर के लोगों ने स्वागत किया। ड्रैगन अंतरिक्ष यान का नाम अंतरिक्ष यात्रियों ने ग्रेस रखा है और इसके बृहस्पतिवार को भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे आईएसएस पर पहुंचेगा। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित 'सिटी मोंटेसरी स्कूल' में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा, 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा, 'कमाल की राइड (यात्रा) थी।' शुक्ला ने यूएस की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के टिबोर कपू व पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की के साथ आईएसएस के लिए उड़ान भरी।

**41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा ने तत्कालीन सोवियत संघ के अंतरिक्षयान में अंतरिक्ष की यात्रा की थी**

## 3 अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आईएसएस की यात्रा के लिए रवाना होकर रचा इतिहास



### मिशन का उद्देश्य : स्पेस स्टेशन बनाने की प्लानिंग

एएक्स-4 मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में रिसर्च करना और नई टेक्नोलॉजी को टेस्ट करना है। ये मिशन प्राइवेट स्पेस ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए भी है। एक्सियम स्पेस प्लानिंग का हिस्सा है, जिसमें भविष्य में एक कॉमर्शियल स्पेस स्टेशन (एक्सियम स्टेशन) बनाने की योजना है।

(संबंधित पैकेज पेज -8 पर)

**शुभांशु शुक्ला, पायलट**
1984 के बाद से अंतरिक्ष में जाने वाले भारत के दूसरे एस्ट्रोनॉट

**स्लावोस्ज उज्नान्स्की मिशन विशेषज्ञ**
1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनॉट

**टिबोर कापू मिशन विशेषज्ञ**
1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनॉट

**पैगी व्हिटसन, कमांडर**
अमेरिकी यात्री का यह दूसरा कॉमर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन




### कौन हैं ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

शुभांशु का जन्म 1986 में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से की। वह 2006 में वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला फाइटर जेट उड़ाने का अनुभव रखते हैं।
**स्पेस स्टेशन में यह करेंगे :** शुभांशु वहां 14 दिनों तक आईएसएस में रहेंगे और 7 प्रयोग करेंगे, जो भारतीय शिक्षण संस्थानों ने तैयार किए हैं। इनमें ज्यादातर बायोलॉजिकल स्टडीज होंगी, जैसे कि अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य और जीवों पर असर। नासा के साथ 5 और प्रयोग करेंगे। लंबे अंतरिक्ष मिशनों के लिए डेटा जुटाएंगे। इस मिशन के प्रयोग भारत के गगनयान मिशन को मजबूत करेंगे।

## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति धनखड़ कार्यक्रम में बेहोश हुए



**नैनीताल।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कुमाऊं विवि के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान बेहोश हो गए। वे भाषण देने के बाद पूर्व संसदीय सहयोगी महेंद्र पाल की तरफ बढ़े। उस दौरान धनखड़ राजस्थान के झुंझनू से सांसद थे। धनखड़ और पाल एक दूसरे को देखकर भावुक हो गये। एक दूसरे से बात करने के कुछ देर बाद धनखड़ ने पाल को गले लगाया और उनके कंधों पर बेसुध हो गए। भाषा

### अब रैपिडो ऐप से भी बुक होंगे मेट्रो के टिकट

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के यात्री अब ऑनलाइन कैब सेवा कंपनी रैपिडो के ऐप पर टिकट बुक कर सकते हैं। कंपनी ने बताया कि यह सुविधा सरकार समर्थित ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के माध्यम से दी जाएगी। रैपिडो के सह-संस्थापक अरविंद सांका ने कहा कि कंपनी 25 रुपये के तय शुल्क पर मेट्रो स्टेशनों से आने-जाने की 'राइड' भी उपलब्ध कराएगी। भाषा

### अकाली दल नेता बिक्रम अमृतसर में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पजाब सतर्कता ब्यूरो ने अकाली दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को 540 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग मनी का शोधन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मजीठिया की गिरफ्तारी सतर्कता दल द्वारा अमृतसर स्थित उनके आवास पर छापेमारी के बाद हुई। जांच में पता चला है कि मादक पदार्थ से अर्जित 540 करोड़ की राशि का कई माध्यमों से शोधन किया गया जिसकी सुविधा मजीठिया ने प्रदान की। भाषा

### दिल्ली-एनसीआर और पंजाब में ईडी के छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की। भाषा

### अपराधी का सुधार नहीं होना समाज के लिए सजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कहा है कि सुधार का समाज में एक बड़ा उद्देश्य होता है और यदि समाज किसी अपराधी को सुधार नहीं सकता, तो यह खुद समाज के लिए ही एक सजा बन जाता है। दिल्ली की एक अदालत में पेश तीन लोगों पर जालसाजी का आरोप था, जिसमें अमीर परिवार के बच्चों को राजधानी के प्रतिष्ठित विद्यालयों में दाखिला दिलाया गया था। भाषा

## सोमनदी, मारकंडा उफान पर, खेतों में घुसा पानी, कई गांव में अलर्ट

# प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बरसात यमुनानगर में बाढ़ जैसा हाल, सहमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हिमाचल के कैचमेंट एरिया और प्रदेश के कई जिलों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मारकंडा और सोमनदी में उफान आ गया है इससे खेतों में पानी भर गया है। यमुनानगर में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। खेतों में फसल जलमग्न हो गई है।प्रशासन ने इन नदियों के साथ लगते गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन का कहना है कि और बारिश हुई तो भारी नुकसान होने का अंदेशा है। बिलासपुर और छछरौली क्षेत्र करीब 20 गांव के ग्रामीण बाढ़ की आशंका से सहमे हुए हैं। बता दें कि बुधवार को प्रदेश के 9 जिलों रेवाड़ी, अंबाला, यमुनानगर, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, झज्जर व हिसार में तेज बारिश हुई। बारिश के बीच डायल-112 आपातकालीन वाहन लगभग ढाई फुट गहरे गड्ढे में फंस गया। मंगलवार को मानसून ने राज्य में तय समय से 5 दिन पहले प्रदेश में दस्तक दे दी। राज्य में मानसून के पहुंचने की सामान्य तारीख 29 जून है। 25 साल में 14वीं बार मानसून तय समय से पहले आया है। 36 घंटे में मानसून पूरे प्रदेश में छा जाएगा। अगले 7 दिन बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने 25-26 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

- फसलें जलमग्न, भारी नुकसान का अंदेशा
- मानसून ने तय समय से पांच दिन पहले दी दस्तक
- मौसम विभाग का दावा, अगले 7 दिन तक बारिश संभव
- कई जगह गाड़ी डूबी, एक पुलिस वैन भी गड्ढे में फंसी
- यमुनानगर में 12 घंटे से ज्यादा समय से बारिश जारी
- हिमाचल में बादल फटा, 3 लोग बहे दो के शव मिले



### सोमनदी में अचानक आया पानी

बुधवार सुबह 10 बजे के अचानक बरसाती सोमनदी में उफान आ गया और क्षमता से अधिक पानी आने से तटबंधों से टकरा गया। इससे लोगों में दहशत फैल गई। ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण सोमनाथ, ईश्वर लाल, धर्मवीर, सुखपाल, ज्ञान सिंह, रमेश, सुरेश और बलबीर आदि ने बताया कि सोमनदी पर इस बार प्रशासन द्वारा बाढ़ रोकथाम के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। गत वर्ष सोमनदी का बांध टूटने से नदी के साथ लगते दर्जनों गांव की हजारों एकड़ में खड़ी फसलें पानी भरने से नष्ट हो गई थी। इस बार अभी तक नदी के किनारे बांध पर बाढ़ रोकथाम के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।

### अभी स्थिति नियंत्रण में

सिंचाई विभाग के अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। सोमनदी के जलस्तर पर सिंचाई विभाग पूरी तरह निगरानी कर रहा है। उनका कहना है कि सोमनदी का जलस्तर वास्तव में कैपेसिटी से ज्यादा जरुर बह रहा है। मगर स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। ग्रामीणों को इससे डरने की जरुरत नहीं है। बांधों पर बाढ़ रोकथाम के इंतजाम किए जा रहे हैं।

### हिमाचल में 15-20 मजदूर बाढ़ में बहे, उत्तराखंड में 4 की मौत

▶▶ हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला में बुधवार को तेज बारिश हुई। खनियारा इलाके के सोकणी दा कोट में इंदिरा प्रियदर्शनी हाइड्रल प्रोजेक्ट में काम करने वाले 15-20 मजदूर मनुणी खड्ड (नदी) में बह गए। अबतक दो मजदूरों के शव मिले हैं। मनुणी नदी आम दिनों में सूखी ही रहती है, लेकिन तेज बारिश के कारण नदी में अचानक से बाढ़ आ गई। मजदूर नदी किनारे बने शेड में रह रहे थे। इसलिए बाढ़ की चपेट में आ गए। वहीं, कुल्लू जिले में भी 3 जगह सैंज घाटी के जीवा नाला, गढ़सा घाटी के शिलागढ़ और बंजार के होरनगढ़ में बादल फटने हालात बेकाबू हो गई। जीवा नाला में बाप-बेटी समेत 3 लोग बह गए।

▶▶ उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धारचुला-लिपुलेख रोड पर लैंडस्लाइड हुआ। आदिकैलाश रोड बंद हो गया। दोनों तरफ वाहन फंसे हुए हैं। हल्द्वानी में एक कार नहर में गिर गई। कार सवार 7 लोगों में से 4 की मौत हो गई। इनमें एक 3 दिन का बच्चा भी शामिल है।

▶▶ केरल के वायनाड के सुबह से तेज बारिश हो रही है। चूरलमाला में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। पिछले साल मुडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला समेत दूसरे इलाकों में लैंडस्लाइड में 369 लोगों की मौत हुई थी।

▶▶ जम्मू में भारी बारिश के चलते तवी नदी उफान पर है। इसमें एक शख्स फंस गया। एसडीआरएफ ने उसका रेस्क्यू किया।

## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,755.51 | 700.40 ▲ |
| निफ्टी | 25,244.75 | 200.40 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,600/- | 300/- ▼ |
| चांदी | 1,03,100/- | 1100/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.07 | 2 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 67.87/ बैरल | | 1.09% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

### दिल्ली में इमारत में आग लगने से चार की मौत

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली में रोहिणी के रिठाला में विनिर्माण की कई इकाइयों वाली 5 मंजिला इमारत में आग लग जाने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे दमकल विभाग को रोहिणी सेक्टर-5 इलाके में स्थित इमारत में आग लगने की सूचना मिली और इसके बाद दमकल की 16 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास स्थित परिसर में होने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है।

**रोहिणी में हादसा कई लोग गंभीर रूप से झुलसे आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं**



### सीबीएसई 10वीं की परीक्षा को लेकर ऐलान

## 2026 से साल में दो बार परीक्षा पहली जरूरी, दूसरी ऑप्शनल

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में 2 बार परीक्षा देंगे। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बुधवार बताया कि नए परीक्षा पैटर्न के मुताबिक, पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए कंपल्सरी होगी, जबकि दूसरी दूसरी ऑप्शनल रहेगी। पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में होगी। नतीजे अप्रैल और जून में जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सप्लीमेंट्री एग्जाम खत्म कर दिए गए हैं। 12वीं कक्षा पर अभी यह फैसला लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। यदि कोई छात्र दोनों चरणों में शामिल होता है तो दोनों में से सर्वश्रेष्ठ अंक को प्राप्तांक माना जाएगा। सीबीएसई) ने नए मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है।

**अप्रैल-जून में नतीजे घोषित होंगे, सप्लीमेंट्री खत्म, पहली परीक्षा फरवरी में और दूसरी मई में होगी**

### नए एग्जाम पैटर्न की 3 अहम बातें

- दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी।
- विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी।
- अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं।

### पूरे साल के पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा

दोनों परीक्षाएं पूरे साल के पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इस प्रणाली के तहत अलग से कोई पूरक परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

## कास्टिंग कंपनी के मालिक ने फ्रांसीसी युवती से किया रेप!

- सलमान और अक्षय के साथ काम कर चुका आरोपित पुष्पराज
- पकड़े जाने पर बोला, मेरे साथ हनीट्रैप हुआ, मैं निर्दोष हूं



**उदयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान के उदयपुर में एड शूट करने आई फ्रांस की युवती से रेप के आरोप में चित्तौड़गढ़ से कास्टिंग कंपनी के मालिक पुष्पराज उर्फ सिद्धार्थ ओझा (29) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मूवी से लेकर एड, सॉन्ग व सीरियल में कास्टिंग करता है। वह सलमान खान और अक्षय कुमार जैसे बॉलीवुड स्टार की फिल्मों में कास्टिंग कर चुका है। गिरफ्तारी के बाद आरोपित ने कहा है कि उसके साथ हनी ट्रैप हुआ है। उसे बॉलीवुड के कुछ लोग फंसा रहे हैं। पुष्पराज चित्तौड़गढ़ के गंगरार तहसील क्षेत्र का रहने वाला है। एसपी योगेश गोयल ने कहा इस कंपनी ने ही शूट के लिए युवती को हायर किया था। युवती 22 जून को मोबाइल एड शूट के लिए उदयपुर आई थी। रात को सिद्धार्थ स्मोक के बहाने युवती को अपने फ्लैट पर लेकर गया और दुष्कर्म किया।

## दिल्ली में बुर्का पहनकर घर में घुसा युवक, लड़की की हत्या

दोनों में शादी को लेकर विवाद हुआ, 5वीं मंजिल से दिया धक्का **आरोपित तौफीक यूपी का रहने वाला** पहचान छिपाने को बुर्का पहन नेहा के घर गया था



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अशोक नगर इलाके में बुर्का पहनकर घर में घुसे एक शख्स ने लड़की नेहा को 5वीं मंजिल की छत से धक्का दे दिया। आसपास के लोगों ने नेहा को जीटीबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई है। आरोपित की पहचान तौफीक (26 साल) के रूप में हुई है। वह यूपी के रामपुर का रहने वाला है। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। तौफीक बुर्का पहनकर नेहा के घर में घुसा था। सीसीटीवी फुटेज में यह खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, दोनों रिलेशनशिप में थे। जब नेहा को पता चला कि तौफीक की शादी किसी और लड़की से तय हो गई है तो उनके बीच 5वीं मंजिल की छत पर झगड़ा हुआ। इस दौरान तौफीक ने नेहा को छत से धक्का दे दिया।

**आपातकाल के 50 साल** पीएम समेत पूरी कैबिनेट ने रखा मौन, इंदिरा गांधी ने लगाया था आपातकाल

*मोदी बोले, यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक*

# मोदी ने कहा-कांग्रेस ने लोकतंत्र को कैद किया खरगे बोले-यह झूठ को छिपाने के लिए नाटक

**नई दिल्ली (भाषा)।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक में आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर एक प्रस्ताव पास किया गया। इसके बाद आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि के रूप में दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के 'सबसे काले अध्यायों' में से एक था और तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 'लोकतंत्र को कैद कर लिया' था। मोदी ने यह भी कहा कि आपातकाल के दौरान जिस तरह से संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया, उसे कोई भी भारतीय कभी नहीं भूलेगा।

### अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को याद किया





मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रस्ताव में कहा गया, पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल व संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी के हमले को लेकर उन पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्ष से देश में 'अघोषित आपातकाल' है तथा भाजपा मोदी सरकार की झूठ और विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया।

### 25 जून 1975 को आपातकाल लागू हुआ

इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू किया था। आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने कहा कि यह दिन सभी को याद दिलाता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। गृह मंत्री ने कहा कि 'आपातकाल' कांग्रेस की सत्ता की भूख का 'अन्यायकाल' था।

## खबर संक्षेप

### लैब टू लैंड से बदलेगा खेती का भविष्य : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लैब टू लैंड' दृष्टिकोण से प्रेरित 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' भारत की कृषि संरचना को जमीनी अनुभवों के आधार पर नए सिरे से परिभाषित करेगा। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की वृहद समीक्षा बैठक में भाग लेने के बाद कही। उन्होंने कहा कि लैब टू लैंड दृष्टिकोण का यह अभियान किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ भारत को वैश्विक 'फूड बास्केट' के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

### सिरसा में बढ़ा कैंसर, इलाज की सुविधा नहीं : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा के सिरसा जिले में कैंसर पीड़ितों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है पर इलाज के लिए सिरसा में कोई सुविधा नहीं है। ना कोई अस्पताल है और ना ही कोई इलाज। स्वास्थ्य विभाग मरीजों को बस पास और राहत फंड जारी करने तक सिमटा है। यहां से 400 किमी. दूर राजस्थान के बीकानेर जिला में जाकर मरीज इलाज करवा रहे हैं। प्रदेश सरकार को जल्द से जल्द सिरसा में कैंसर जांच और उपचार का प्रबंध करना होगा इससे फतेहाबाद के कैंसर रोगियों को भी लाभ होगा।

### बिजली महंगी कर लूट रही सरकार : अशोक

**चंडीगढ़।** बिजली की दरों में हुई चुपचाप बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग उठाते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस उद्योग सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने कहा है कि भाजपा बिजली की दरें बढ़ाकर जनता को लूट रही है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। बुवानीवाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक ही झटके में बिजली को चार गुना तक महंगा कर दिया। यानी जिन आम परिवारों को 900 से 1000 रुपए तक बिल देना पड़ता था, उन्हें अब 4000 से 5000 रुपये बिल थमाया जा रहा है।

### सिंधु भवन पहुंचकर राजनीतिक और सामाजिक लोगों ने माता जी को श्रद्धांजलि दी

# माता परमेश्वरी जी को भावांजलि देने पहुंचे हजारों लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इनके साथ नेताओं, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों से जुड़े हजारों लोगों ने माता परमेश्वरी देवी को पुष्प अर्पित करके याद किया। मुख्यमंत्री बुधवार को कैप्टन अभिमन्यु के रोहतक स्थित सिंधु आवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत परमेश्वरी देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा माता परमेश्वरी देवी के दिए संस्कारों की वजह से ही सिंधु परिवार जन कल्याण के कार्यों में लगा हुआ है। स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु और माता परमेश्वरी देवी ने पूरा जीवन समाज के कल्याण के कार्य किए, जिन्हें कभी भी भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ईश्वर माता परमेश्वरी देवी को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि

इसके अलावा पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालयान, पूर्व मंत्री संपत्त सिंह, पूर्व मंत्री जगदीश नायर, विधायक उमेद पातुवास, विधायक मुकेश पहलवान, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, पूर्व मंत्री जगदीश यादव, पूर्व मंत्री देवेंद बबली, विधायक राई कृष्णा गहलौत, पूर्व सांसद राजस्थान ज्योति मिर्धा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ चरण दास महंत, विधायक छतीसगढ़ रिकेश सेन, पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग, पूर्व विधायक प्रवीन डागर, विधायक असंध योगेंद्र राणा, विधायक कैथल आदित्य सुरजेवाला, विधायक मंजीत चौधरी राजस्थान, आईएएस किरण कौशल छतीसगढ़ भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।



**रोहतक।** माता परमेश्वरी के निधन पर शोक व्यक्त करने सिंधु भवन पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गणमान्य लोग।

#### हरविन्द्र कल्याण, विधानसभा अध्यक्ष, हरियाणा



विधानसभा अध्यक्ष हरियाणा हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि माता जी एक बहुत धनी व्यक्तित्व की मालिक थीं, जिनके दिए हुए सस्कारों से कैप्टन अभिमन्यु ने समाज में एक बड़ा स्थान हासिल किया है तथा राजनीतिक क्षेत्र में एक बड़ा नाम कमाया है। माता जी को मेरे व मेरे परिवार की ओर से भावपूर्ण व विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

#### आरती सिंह राव, स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि परमेश्वरी देवी की सबसे बड़ी देन यही है कि उनके परिवार में 90 से अधिक सदस्य होने के बावजूद भी सिंधु परिवार एक छत के नीचे रह रहा है तथा परिवार की सांझा रसोई चल रही है। दिवंगत परमेश्वरी देवी ने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए। आज भी यह परिवार संयुक्त रूप में रह रहा है।

#### भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री, हरियाणा



पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा माता जी का स्वभाव बहुत सरल था। उनका जीवन सादगी से भरा रहा। उन्होंने सिंधु परिवार को बहुत ही अच्छे संस्कार दिए। उनके जाने से समाज को जो क्षति हुई है उसकी भरपाई नहीं हो सकती। ईश्वर माता जी को अपने चरणों में स्थान दे।

#### असीम गोयल, पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार



पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी और स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी ने जीवन भर मेहनत करके परिवार को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे कर्मों पर चलने के लिए प्रेरित किया और अच्छे संस्कार दिए। उनकी प्रार्थना है ईश्वर माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

#### रणदीप सुरजेवाला, राज्यसभा सांसद



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी जैसे महान व्यक्तित्व कभी कभी ही दुनिया में आते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनकल्याण को समर्पित कर समाज को नई राह दिखाई। उनके दिए संस्कारों की वजह से परिवार ने तरक्की की है। माता जी के जाने की भरपाई कभी नहीं हो सकती।

#### बबीता फौगाट, भाजपा नेत्री



भाजपा नेत्री बबीता फौगाट ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने पूरे परिवार को संजोकर रखा। यह पूरे समाज के लिए बहुत ही बेहतरीन उदाहरण है। माता जी ने अपना जीवन सदैव दूसरों की मदद करने और जन कल्याण के कार्यों में बिताया। माता जी के अनुशासन और दया भाव को समाज हमेशा याद रखेगा।


### शोक व्यक्त करने पहुंची हस्तियां



किरण चौधरी, राज्यसभा सांसद



संजीव बालियान, पूर्व केंद्रीय मंत्री



संपत सिंह, पूर्व वित्तमंत्री, हरियाणा



आदित्य सुरजेवाला, विधायक, कैथल



बिशंबर वाल्मीकि, पूर्व विधायक

# ग्रुप-डी कर्मचारियों की पदोन्नति की तैयारी, मुख्य सचिव ने मांगा ब्योरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने ग्रुप-डी यानी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की प्रमोशन करने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से इस संदर्भ में 21 विभागों के प्रशासनिक सचिवों और विभाग प्रमुखों से इस संदर्भ में ब्यौरा मांग लिया है। ग्रुप-डी के उन कर्मचारियों के केस बनाकर भेजने को कहा है, जो इसके हकदार हैं। यहां पर बता दें कि साल 12 मार्च, 4 अप्रैल और 5 मई को भी मुख्य सचिव की ओर से इस संदर्भ में विभागों को पत्र लिखा गया था। 21 विभागों के कर्मचारियों को प्रमोशन का लाभ मिलेगा उनमें कृषि, कला एवं संस्कृति, जनगणना, सहकारिता, सीआईडी, खाद्य एवं आपूर्ति, विदेश सहयोग, राजभवन, हाउसिंग फॉर ऑल, ग्रीवेंस और सूचना प्रौद्योगिकी के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन, संस्थागत वित्तीय एवं क्रेडिट कंट्रोल, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, विकास एवं पंचायत, बिजली, विज्ञान एवं तकनीकी, स्टेट विजिलेंस ब्यूरो, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, परिवहन और विजिलेंस डिपार्टमेंट शामिल हैं।

#### प्रफोर्मा भेजा

ग्रुप-डी के कर्मचारियों की जानकारी भेजने के लिए प्रफोर्मा भी भेजा है। जिसके हिसाब से कर्मचारियों के बारे में उनका ब्योरा सरकार को देना होगी। ग्रुप-सी के उन पदों के बारे में भी बताना होगा, जिन पर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को प्रमोट किया जाएगा। कर्मचारियों की सेवा अवधि, वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट, पे-स्केल के अलावा सभी प्रकार की जानकारी देनी होगी। साथ ही, विभाग प्रमुख को संबंधित कर्मचारी के बारे में टिप्पणी भी करनी होगी।यहां पर बता दें कि खाली पदों को भरने के लिए डिमांड हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पास भेजी जाएगी। ग्रुप-सी के लिए सीईटी के लिए आयोग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर चुका है।

#### पत्रकार वार्ता में बोले भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली

# कांग्रेस स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र विरोधी इतिहास का काला अध्याय आपातकाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर बुधवार को भाजपा ने प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को आपातकाल के काले दौर की याद दिलाई और जिला स्तर पर हुए कार्यक्रमों में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया।

पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रेसवार्ता कर कांग्रेस द्वारा थोपे गए आपातकाल को इतिहास का काला अध्याय बताया और कहा कि कांग्रेस आज भी स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र विरोधी पार्टी है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर न केवल संविधान को कुचला बल्कि प्रेस की आजादी और नागरिकों के अधिकारों को बंधक बनाया। कांग्रेस स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र विरोधी है। इस मौके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक शक्ति रानी शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग भी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब-जब संकट में होती है तब-तब संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटती। उन्होंनें कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। कांग्रेस ने तरीकों को बदला है, कांग्रेस की नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है।

#### कांग्रेस ने क्रूरता की हदें पार की : ज्ञानंचद गुप्ता

*पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने भी प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने क्रूरता की हदें पार की। लोगों की जबरदस्ती नसबंदी की गई। आपातकाल के दौरान यदि किसी नागरिक को गोली मार दी जाए, तब भी उसे अदालत में जाने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस आज संविधान की दुआई देती घूम रही है उसे अपने अतीत में झांककर देख लेना चाहिए। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि आपातकाल में कांग्रेस ने इशारों पर ना चलने वाले जजों को या तो हटा दिया या फिर उनका ट्रांसफर कर दिया। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उस समय साधारण कार्यकर्ता हुआ करते थे और उनके जैसे लाखों समर्पित स्वयंसेवकों ने रातों-रात रेलों में पर्चे बांटे, संदेश पहुंचाए और कांग्रेस की सच्चाई हर गांव और गली तक पहुंचाई। कांग्रेस की तानाशाही का विरोध केवल राजनीतिक नहीं था, यह भारत की आत्मा की रक्षा का आंदोलन था जिसमें राष्ट्रवादियों ने जान की बाजी लगाई। आपातकाल गांधी परिवार की उस सोच का परिचायक था।*


## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
## EMPLOYEES PROVIDENT FUND ORGANISATION

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार) (Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय Regional Office,
प्लॉट नं.-1, सैक्टर-3, इंस्टीट्यूशनल एरिया, रोहतक-124001, हरियाणा
Plot No 1, Sector -3, Institutional Area, Rohtak - 124001 (Haryana)
दूरभाष/Phone 01262-244903, 01, फैक्स/Fax : 01262-244902, ई.मेल E-Mail: ro.rohtak@epfindia.gov.in

### PUBLIC NOTICE

The following inquiries are being conducted by the undersigned under section 7A of the Employees' Provident Fund & Miscellaneous Provisions Act, 1952 for determination of Provident Fund dues against the following establishments for the periods shown against them in the table below.:

| S.N | Case Diary No | Name of Establishment | Address | Pay Period |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 245/2023 | D S Namdhari Engineers | Plot No.-1207-08, MIE, Bahadurgarh, Jhajjar. | 06/2015 to 06/2023 |
| 2. | 312/2023 | Indo Laminates Private Limited | K No 503 432 433, 44 KM Stone Delhi Rohtak Road, VPO Rohad, Bahadurgarh, Jhajjar. | 04/2017 to 05/2023 |
| 3. | 008/2024 | Weltime Footwear Private Limited | Plot no 14-15 HSIIDC, Bahadurgarh, Jhajjar. | 03/2010 to 08/2023 |
| 4. | 009/2024 | Monato Micro Footsteps Private Limited | Plot No 273, Footwear Park, HSIIDC Industrial Estate, Sector-17, Bahadurgarh, Jhajjar. | 09/2019 to 08/2023 |
| 5. | 010/2024 | Om Traders | VPO Dhaur, Dhaur-Kheri Road Village, Jhajjar. | 12/2019 to 08/2023 |

No one from the employer/employee side are attending the inquiries. The undersigned has no option but to conclude the inquires based on available material/records. However, keeping in mind the principle of natural justice, through this notice, all the employers, employees, principal employers, contractors and other stakeholders anyhow related to the above cases are informed that if they have any information/documents/record related to above determination cases or anybody want to produce any important and relevant fact/aspect in the context of Provident Fund determination during the described period of the above establishments, which is not yet included in the related investigation, they can forward to this office within next fifteen days of this publication.

The documents/information may be submitted along with affidavit and self attested copy of necessary proof/evidence/documents/statements to this office, otherwise the dues against the above mentioned establishments will be determined on the basis of available documents/facts and the investigation will be closed. Along with the application, the applicant is required to provide a copy of his identity and complete address proof along with mobile number.

Note: Other information about each of the above investigations and next date of hearing etc. is available on the website: https://eproceedings.epfindia.gov.in

**(Narender Kumar)**
**Assistant P F Commissioner, Rohtak**


# पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर पंजीकरण कार्यालयों का आधुनिकीकरण किया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार पासपोर्ट सेवा केंद्रों के मॉडल पर राज्य भर के सभी पंजीकरण कार्यालयों का पुनर्गठन करके उनका आधुनिकीकरण करेगी।

यह पहल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नागरिकों के लिए संपत्ति लेनदेन को आसान बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। डॉ. सुमिता मिश्रा ने यह बात राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कही। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह पहल चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएगी, जिसकी शुरुआत पंचकूला, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे उच्च घनत्व और उच्च लेनदेन वाले जिलों से होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह परिवर्तन केवल बुनियादी ढांचे में सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सेवा वितरण को मजबूत करने, पारदर्शिता को बढ़ावा देने और राजस्व प्रशासन के भीतर जवाबदेही बढ़ाने की व्यापक योजना का हिस्सा है।

#### ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग कर सकेंगे

डॉ. मिश्रा ने कहा कि इस नए मॉडल में ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग, अच्छी तरह से सुसज्जित प्रतीक्षा क्षेत्र, वास्तविक समय डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम और समर्पित हेल्प डेस्क जैसी नागरिक-केंद्रित विशेषताएं शामिल होंगी। नागरिकों की सहायता के लिए स्थानीय भाषाओं में संकेत और सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। पंजीकरण गतिविधियों के दौरान धीमी सर्वर प्रतिक्रि की लगातार समस्याओं के समाधान के लिए, विशेष रूप से उप-मंडल और तहसील स्तर पर, डॉ. मिश्रा ने 2 पेटाबाइट्स प्रत्येक की भंडारण क्षमता वाले दो राज्य-स्तरीय राजस्व डेटा केंद्रों की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अगले 10 दिनों के भीतर इसके लिए निविदाएं जारी करने के भी निर्देश दिए। हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग परियोजना की समीक्षा करते हुए डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को अगस्त के अंत तक सभी जिलों में ततिमा अद्यतनीकरण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला हिसार रोड से नदीयाली खेड़ा से खेड़ा मेतलां से रसुलपुर से एमएसएन रोड (रोड आईडी 140 जमा 113 जमा 120 जमा 74) (कि.मी. 0.00 से कि.मी. 16.200) तक सम्पर्क सड़क का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 20.06.2025 03.07.2025 | 526.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में होली टैंक, पिंडारा रोड की विशेष मरम्मत (वर्ष 2025-26 हेतु ओडीआर का कार्य कार्यक्रम) रोड आईडी 6614. | बंद होने की तिथि 30.06.2025 | 56.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत जिले में बुटाना में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सीसीटीवी सिस्टम का प्रावधान + 2 कार्य। | 25.06.2025 01.07.2025 | 53.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में गांव बहादुरपुर में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का निर्माण + 2 कार्य। | 24.06.2025 30.06.2025 | 82.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस के लिए 100 अदद 9 एमएम पिस्टल की खरीद। | 20.06.2025 04.07.2025 | 80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |
| 6 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस के लिए 75 अदद 5.56 × 45 एमएम कार्बाइन क्यूसीबी की खरीद। | 20.06.2025 04.07.2025 | 77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खुबडू ब्लॉक गन्नौर में बदलू वाली चौपाल (सामान्य) का निर्माण। | 23.06.2025 30.06.2025 | 22.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव ऊण में व्यायामशाला को पूरा करना (पीएस)। | 23.06.2025 03.07.2025 | 24.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज रेवाड़ी | ममारिया अहीर - ममारिया अहीर ब्लॉक खोल में जीएडी आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण। | 24.06.2025 01.07.2025 | 43.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 10 | महिला एवं बाल विकास, जीन्द | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी और एसएनपी के अतिरिक्त मदों की आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 06.06.2025 02.07.2025 | 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896093597 dpojind.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/180/35966/I/88/6 दि. 25.06.25




## खबर संक्षेप

### अवैध हथियारों सहित 13 युवक गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर 13 देसी कट्टा वह तीन कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 जून को क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने लाडन वासी हाल राजीव कॉलोनी, क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने गोविंदा निवासी पातली पलवल हाल जीवन नगर व संदीप वासी ढाकोला, तिगांव हाल जीवन नगर, फरीदाबाद, क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने मुकेश निवासी बजलपुर जिला मुंगेर बिहार हाल सेक्टर-3 फरीदाबाद व मोनू वासी नंगला एन्क्लेव पार्ट-2 फरीदाबाद, क्राईम ब्रांच सेक्टर.30 की टीम ने नीरज वासी भारत कॉलोनी व विकाश वासी बेराजराजा मथुरा हाल भारत कॉलोनी, क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने निक्की वासी नेहरू कॉलोनी सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### राष्ट्रीयव्यापी हड़ताल के लिए बनाई रणनीति

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 9 जुलाई की राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है। हड़ताल की सफलता के लिए आज सर्व कर्मचारी संघ की जिला कमेटी की बैठक कर बनाई व्यापक योजना। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान करतार सिंह जागलान ने की तथा मंच का संचालन जिला सचिव युद्धवीर खत्री ने किया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता लज्जा राम, एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उप प्रधान शब्बीर गन्नी, सर्कल सचिव कृष्ण कुमार कालीरमन मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

### महिला सुरक्षा को रेड डॉट टीमों का गठन

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश व पुलिस उपायुक्तए महिला सुरक्षा, उषा के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा को लेकर फरीदाबाद पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है जिसके अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस के प्रत्येक जोन में महिला थाना प्रबंधक की अध्यक्षता में रेड डॉट नाम से टीम गठित की गई है, ये टीम जगह-जगह जाकर महिलाओं को जागरूक कर फीडबैक लेंगी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला फरीदाबाद में महिलाओं की सुरक्षा व उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी देने के लिए जोनवार प्रबन्धक थाना महिला को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## एचएयू में छात्रों का धरना : कमेटी के साथ वार्ता में आठ मांगों पर बनी थी सहमति

# सहमति के बावजूद फिर फंसा पेंच छात्र धरना खत्म करने पर राजी नहीं

**छात्रों ने वीसी को छह माह की छुट्टी पर भेजने का लिखित प्रमाण मांगा, डॉ. खीचड़ को छात्र कल्याण निदेशक पद से हटाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति को हटाने समेत अन्य मांगों को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच बुधवार को छात्रों की कमेटी और सरकार के बीच फिर से वार्ता हुई। वार्ता में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को हटाने समेत आठ मांगों पर सहमति बन गई और छात्र कमेटी के अनुसार सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। छात्र कमेटी सरकार के आश्वासन पर सहमत भी हो गई और पत्रकार वार्ता में इसका ऐलान भी कर दिया। जैसे ही कमेटी ने धरनास्थल पर सरकार से बनी सहमति का ब्योरा रखा तो वहां बैठे छात्र उखड़ गए और कहा कि जब तक कुलपति के छह महीने छुट्टी भेजने का लिखित प्रमाण हमें नहीं मिल जाता, वे धरना नहीं उठाएंगे। इस पर छात्रों में काफी तनातनी भी हुई। सहमति पर फंसते पेंच और माहौल बिगड़ता देख एसडीएम ज्योति मित्तल धरनास्थल पर पहुंची और उन्होंने कहा कि आप पहले धरना उठा लें, क्योंकि सरकार ने आपकी सभी मांग मान ली है। छात्रों ने एक सुर में कहा कि जब तक उन्हें कुलपति के छुट्टी जाने समेत अन्य मांगों के लिखित प्रमाण नहीं मिल जाते वे धरने पर डटे रहेंगे। एसडीएम ने काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्र नहीं माने। ऐसे में छात्रों के धरना उठाने को लेकर फिर से पेंच फंस गया है। इसी बीच एचएयू प्रशासन ने आदेश जारी करके छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ को हटा दिया है। उनकी जगह डॉ. एसके पाहुजा छात्र कल्याण निदेशक का कार्यभार देखेंगे।

### ढांडा व छात्रों के बीच हुई बातचीत

आंदोलनकारी विद्यार्थियों व सरकार की ओर से बातचीत की प्रक्रिया लगातार चल रही थी। मंत्रियों सहित चार विधायकों वाली कमेटी से वार्ता विफल होने के बावजूद दोनों पक्ष बातचीत के लिए प्रयासरत रहे और अंततः बुधवार को बातचीत सिरे चढ़ गई। बताया जा रहा है कि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व छात्रों के बीच हुई बातचीत के बाद सहमति बनी है। वहीं छात्रवृत्तियों में वर्ष 2017 के बाद की फीस वृद्धि के अनुपात में वृद्धि की जाएगी और एलडीवी सीटों का निर्धारण 2019 के प्रॉस्पेक्टस के अनुसार किया जाएगा। विश्वविद्यालय कैलेंडर के खंड II में किया गया 93वां संशोधन पूर्ण रूप से वापस लिया जाएगा। विरोध में शामिल किसी भी छात्र, शिक्षक व अन्य पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।



हिसार। वार्ता की जानकारी देते आंदोलनकारी छात्रों की कमेटी के पदाधिकारी।



CCS HARYANA AGRICULTURAL UNIVERSITY HISAR

ORDER

No. Adm.F.1/2025/11948 Dated: 25.06.2025

Whereas a fact finding inquiry pertaining to the incidence of scuffle between the students, security personnels and University employees held on 10.06.2025 is being conducted by the Inquiry Committee.

Whereas for smooth conduct of the inquiry in an impartial manner and in exercise of emergency powers vested in him under section 16 (6) of HPAU Act 1970, the competent authority has approved to assign the charge of Director Students' Welfare to Dr. S.K. Pahuja, Dean, College of Agriculture relieving Dr. M.L. Khichar from the office of Director Students' Welfare with immediate effect subject to confirmation by the Board of Management being appointing authority.

Sd/-
Registrar

Endst. No. Adm.F.1/2025/ 11949-39 Dated: 25.06.2025

Copy of the above is forwarded to the following for information and necessary action:-

1. Secretary to Vice-Chancellor
2. All Deans/Directors/Officers of the University
3. Head, Department of Agricultural Meteorology
4. Joint Director (Audit)

हिसार। छात्र कल्याण निदेशक को हटाने का पत्र।

### इन मांगों पर हुई थी सहमति

लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए छात्र कमेटी ने वार्ता का ब्योरा देते हुए बताया कि जिन बिंदुओं पर सहमति बनी है, उसके तहत कुलपति को न्यूनतम छह माह का अवकाश दिया जाएगा और एक पांच सदस्यीय समिति का गठन सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया जाएगा। डीएसडब्ल्यू, सीएसओ और रजिस्ट्रार को प्रशासनिक पदों से स्थायी रूप से हटाया जाएगा। साथ ही, डीन पीजीएस डॉ. केडी शर्मा, एसवीसी प्रो. कपिल अरोड़ा, प्रो. दलीप बिश्नोई और प्रो. अतुल ढींगड़ा को भी पदों से हटाया जाएगा। सीएसओ को सेवानिवृत्ति तक एचएयू मुख्य परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंधित किया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री ने की वीडियो कॉल

प्रशासनिक अधिकारियों ने वार्ता के लिए पहुंचे विद्यार्थियों की मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत करवाई। बातचीत में छात्र कमेटी ने अपनी सभी आठ मांगों को लेकर सिलसिलेवार चर्चा की। छात्र कमेटी के अनुसार मंत्री ढांडा ने छात्रों की सभी शंकाओं का निवारण करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंत्री ढांडा ने छात्रों की कमेटी को भरोसा दिया कि चरणबद्ध तरीके से सभी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा।

### ये बोले छात्र

उधर, आंदोलनकारी छात्रों ने सहमत हुई मांगों को लागू करने में हो रही देरी पर सवाल उठाया है। छात्रों ने कहा है कि सरकार ने पहले हमसे कहा था कि हमारी मांगें स्वीकार ली गई हैं और सहमति बनने के एक घंटे के भीतर हमें परिणाम सौंप दिए जाएंगे लेकिन सहमति के कई घंटे बीत जाने के बावजूद, ना कोई निर्णय हमें सौंपा गया है, ना कोई औपचारिक आदेश जारी हुआ है। छात्रों ने सवाल किया कि सरकार लगातार देरी क्यों कर रही है।

### परीक्षा व थीसिस का समय बढ़ेगा

सभी परीक्षाएं, थीसिस सेमिनार, थीसिस सबमिशन और पीजी प्रवेश प्रक्रिया को पुनर्निर्धारित किया जाएगा तथा इनकी समयावधि 20 से 30 दिन तक बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, अकादमिक परिषद में छात्रों द्वारा निर्वाचित दो छात्र प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। जेआरएफ, गैर-जेआरएफ एवं एमबीए छात्रों के लिए समान फीस संरचना लागू की जाएगी।

**मांगे लागू होते ही आंदोलन होगा समाप्तः** छात्र समुदाय ने स्पष्ट किया कि जब सरकार द्वारा उपरोक्त सभी मांगें पूर्ण रूप से लागू की जाएंगी, तब वे आंदोलन को पूर्ण रूप से स्थगित कर देंगे। सरकार एवं छात्रों के बीच बनी इस सहमति से विश्वविद्यालय में सामान्य शैक्षणिक गतिविधियों की बहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### यह रहे वार्ता में शामिल

वार्ता में आंदोलनकारी छात्रों की कमेटी में छात्र अमन गिल, अभिलेख, मोहित, अमन, योगेश, राहुल, हेमंत, रॉबिन, राममेहर, नितिन, नमन, जगत, निकिता व पूजा शामिल रहे, जबकि प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से जिला परिषद सीईओ हरवीर सिंह, एसडीएम ज्योति मित्तल, हरिओम शर्मा मंगाली, सत्यजीत शामिल रहे। लंबी बातचीत के बाद छात्रों की मांगों पर सहमति बन गई।

## डबवाली में मां-बेटी ने फंदा लगाया, अमृतपाल तीन माह की गर्भवती थी

- दामाद के किसी और महिला से थे संबंध
- तालाक मांगने पर टेंशन में थी दोनों

**डबवाली।** डबवाली शहर के वार्ड नंबर 6 इंदिरा नगर में बुधवार को एक टेलर मास्टर रणजीत सिंह की पत्नी राजविंदर कौर व बेटी अमृतपाल ने एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटी अमृतपाल का करीब 8 माह पूर्व बठिंडा पंजाब में यादविन्द्र नामक युवक से विवाह हुआ था और वह 3 माह की गर्भवती थी। रणजीत सिंह के मुताबिक उसके दामाद के किसी और से संबंध थे और वह उनकी बेटी से तलाक चाहता था और इस कारण घर में परेशानी थी। अभी रविवार को ही दामाद बेटी को डबवाली छोड़ कर गया है और बुधवार यह कांड हो गया। रणजीत सिंह सुबह काम पर था जब उसे इस बाबत उसके दामाद से ही सूचना मिली। जब वह घर पहुंचा तो यहां उसकी पत्नी व बेटी की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि पहले मां ने फांसी लगाई और फिर उसी पंखे से बेटी ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर डबवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिजली का तार बाइक सवार पर गिरा, सिर व धड़ हुए अलग

पानीपत। पानीपत में स्टेट हाइवे पर युवक की गर्दन कटी लाश मिली है। युवक का सिर और धड़ अलग-अलग पड़े हुए थे। लाश का पता चलते ही वहां भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बगल में ही बाइक भी पड़ी हुई थी। पुलिस ने शव को इकट्ठा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। राहगीरों के मुताबिक आज सुबह लोग रूटीन की तरह रोड से गुजर रहे थे। तभी उन्हें बीच रास्ते में लाश दिखाई दी। जिसका धड़ एक तरफ था तथा सिर दूसरी तरफ गिरा हुआ था। लोगों ने आसपास देखा तो वहां पास ही बाइक पड़ी थी। लोगों ने पहचान की कोशिश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जिसके बाद उसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी। जिसमें बताया कि युवक की उम्र 30 से 35 साल है। इसके बाद मृतक की पहचान हो गई। पुलिस के मुताबिक मरने वाला युवक गांव मतलौडा का 35 वर्षीय आशीष है तथा बाइक पर मतलौडा से खंडरा गांव जा रहा था। उसकी शादी हो गई है हालांकि अभी कोई बच्चा नहीं है। वहीं मृतक के पिता नरेंद्र ने बताया कि उन्हें लोगों से पता चला है कि बिजली की तार टूटकर आशीष के गले में लिपट गई, जिससे उसकी गर्दन कट गई। हादसे से ठीक पहले एक कैंटर वहां से गुजरा था जो बिजली की तारों में उलझ गया। उसी दौरान पीछे से आ रहा आशीष बाइक समेत तारों की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## भिवानी में बहन की ससुराल आए भाई की पीट-पीटकर हत्या, जीजा व उसके भाइयों ने घेरकर किया हमला

■ दंपति का विवाद सुलझाने पहुंचा था ■ दो अन्य भाई भी मारपीट में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

गांव अलखपुरा में अपनी बहनों के ससुराल झगड़ा सुलझाने पहुंचे तीन भाइयों पर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने रॉड, चाकू और लात-घूंसों से हमला किया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान गांव खानक निवासी 18 वर्षीय प्रदीप के रूप में हुई है। हमले में प्रदीप के भाई मंगल (गांव खानक) और राजेश (गांव पिंजोखरा) भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों भाई अपनी बहनों के ससुराल में पारिवारिक विवाद सुलझाने पहुंचे थे, जहां कहासुनी के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

घायल मंगल ने आरोप लगाया कि जब वे मंगलवार रात को बहनों के घर पहुंचे, तो ससुराल वालों ने उन्हें घेर लिया और चाकू, रॉड और लात-घूंसे से हमला कर दिया। इस हमले में 18 वर्षीय प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मंगल और राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगल ने बताया कि आसपास के ग्रामीणों ने भी बचाव के लिए कोई पहल नहीं की, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को भिवानी के जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गांव में तनाव का माहौल है

## एसआई 20 हजार रिश्वत लेता रंगे हाथ गिरफ्तार

■ पोल्ट्री फीड के पैसों को लेकर चल रहे झगड़े में मांगी थी घूस, एसीबी ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले के निसिंग थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर अजायब सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने एक शिकायतकर्ता से शिकायत को दफ्तर दाखिल करने के बदले 40 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी, जो बाद में घटाकर 20 हजार कर दी गई।

### ये था मामला

एसीबी ने यह कार्रवाई शिकायतकर्ता की दी गई लिखित शिकायत पर योजना बनाकर की और आरोपी को पकड़ लिया। अब आरोपी को 26 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा। खेती और पोल्ट्री फॉर्म से जुड़ा है मामला शिकायतकर्ता डाचर फतेहगढ़ गांव का रहने वाला है और खेतीबाड़ी करता है।

उसने वर्ष 2019-20 में पोल्ट्री फार्म चलाया था और उसकी फीड की खरीद करनाल के न्यू शिवाजी कॉलोनी निवासी राजीव शाह से होती थी। दोनों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद में राजीव ने शिकायतकर्ता के खिलाफ निसिंग थाना में शिकायत दी थी।

### पहले 40 हजार रुपये मांगे थे

जब शिकायतकर्ता पुलिस उप निरीक्षक अजायब सिंह से मिला तो उसने स्पष्ट कहा कि राजीव की शिकायत को रफा-दफा करने के बदले 40 हजार रुपए देने होंगे। शिकायतकर्ता ने जब कई बार मिन्नतें की तो आखिरकार आरोपी ने 20 हजार रुपए लेकर मामला निपटाने की बात कही। एसीबी को दी शिकायत, बिछाया गया जाल



शिकायतकर्ता ने तुरंत एसीबी करनाल से संपर्क किया और सारी जानकारी देते हुए लिखित शिकायत दी। इसके बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। जैसे ही सब इंस्पेक्टर अजायब सिंह ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम ली, मौके पर मौजूद टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी सब इंस्पेक्टर को अब 26 जून को माननीय अदालत में पेश किया जाएगा।

## पानीपत में फर्जी डीएसपी गिरफ्तार, सिक्योरिटी का टेंडर दिलवाने के नाम पर ठगे थे 11.46 लाख

- आरोपी की पहचान सुमित आहूजा के रूप में हुई
- आरोपी से पूछताछ कर रही पुलिस

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए पानीपत पुलिस टीम ने फर्जी डीएसपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमित आहूजा निवासी आठ मरला के रूप में हुई है। आरोपी फर्जी डीएसपी ने सिक्योरिटी एजेंसी संचालक को पंजाब युनिवर्सिटी में सिक्योरिटी का टेंडर दिलाने के नाम पर उससे 11.46 लाख की ठगी की थी। आरोपी ने स्वयं को इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो पंचकूला में डीएसपी व पत्नी को उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाण चंडीगढ़ में कार्यरत अधिकारी बताया था। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बुधवार पुलिस विभाग के सभागार में पत्रकारों को बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दत्ता कॉलोनी निवासी अमित शर्मा ने शिकायत देकर बताया था उसका एवी सिक्योरिटी सर्विस के नाम से माडल टाउन में ऑफिस है। वह सिक्योरिटी के लिए मैनपावर उपलब्ध कराने का काम करता है। जाटल रोड नहर के पास स्थित कार वल्ड पर वह अपनी गाड़ी की सर्विस कराने के लिए गया था। वहां उसकी सुमित आहूजा व उसकी पत्नी तनवीर संधु से मुलाकात हुई। सुमित आहूजा ने अपने आप को डीएसपी बताते हुए इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो पंचकूला में तैनाती बताई व तनवीर संधू ने अपने आप को उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाण चंडीगढ़ में कार्यरत अधिकारी बताया। उसने दंपत्ती की बातों पर विश्वास कर लिया। वहीं गत 5 जनवरी 2025 को उसका सेविंग अकाउंट सीज हो गया उसने सुमित आहुजा से बात की। सुमित आहुजा ने उसके सामने अपने मोबाइल में डीसीपी साउथ जोन मुंबई के नाम से सेव नंबर पर बात की। इसके अगले दिन किसी वकील से भी बात होने बारे कहा। काम होने का आश्वासन देकर फीस के नाम पर उससे खाते में 40 हजार रूपए ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद 14 जनवरी 2025 को सुमित आहूजा ने उसके पास फोन कर कहा पंजाब युनिवर्सिटी में सिक्योरिटी में 4 हजार व्यक्तियों का टेंडर आया है।



पानीपत। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

### पैसे लेकर बहानेबाजी करने लगा

यूनिवर्सिटी का डायरेक्टर उसके परिवार का आदमी है। उसको सिक्योरिटी का टेंडर दिलवाने की बात कह विश्वास में ले लिया। जिसके बाद उसने दोस्त रॉबिन से 7.50 लाख,3.50 लाख आढ़ती से लेकर, टेंडर की फ फीस के नाम पर 6 हजार खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पैसे देने के बाद उसने काम के बारे में पूछा तो बहाने बनाने शुरू कर दिए। इसके बाद उसको सुमित आहुजा पर शक हुआ तथा शिकायत पुलिस को दी। आरोपी दंपत्ती के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि एसपी सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार की टीम को सौंपी थी। टीम ने बुधवार को सूचना के आधार पर आरोपी सुमित आहूजा को आठ मरला से गिरफ्तार किया। वहीं मामले में आरोपी पत्नी तनवीर संधू ने उच्च न्यायालय से अपनी अग्रिम जमानत करवाई हुई है। जिसको बीते अप्रैल माह में शामिल जांच कर गिरफ्तार किया जा चुका है।

## अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी नहीं रहेगी : राव



- लिंग जांच रोकने के लिए लगातार की जा रही छापेमारी

**रोहतक।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि प्रदेश में वर्तमान में लिंगानुपात में वृद्धि हुई है तथा सरकार द्वारा कन्या भ्रूण हत्या एवं प्रसव पूर्व लिंग जांच में संलिप्त व्यक्तियों पर निरंतर सूचनाओं के आधार पर रेड की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर वे पूरी निष्ठा के साथ लिंगानुपात में सुधार के लिए प्रयासरत है। वे बुधवार को रोहतक में पहुंची थी। पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पीजीआई के साथ-साथ सभी सिविल अस्पतालों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाने के प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश में डॉक्टरों की कमी पूरी की जा रही है तथा दवाईयां भी उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रदेश में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह कभी भी पीजीआईएमएस या अन्य किसी स्वास्थ्य संस्थान का दौरा करने पहुंच सकती है। उनका मकसद लोगों को समय पर उपचार दिलवाना है। करीब एक साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने ऐसे कई कदम उठाए हैं जिससे आम लोगों को समय पर बेहतर उपचार मिल सके।

## आंखों में मिर्च का स्प्रे कर लूट लेते थे, चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने आंख में मिर्च का स्प्रे डालकर लूट करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस थाना एसजीएम नगर में गोविंद गर्ग निवासी एसजीएम नगर फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि जब वह 17 जून की रात करीब 10.30 बजे अपनी दुकान से घर की तरफ जा रहा था, तो रास्ते में दो लडक़ों ने उसकी स्कूटी के आगे मोटरसाईकिल लगा दी ओर उसकी ऑखों में मिर्च का स्प्रे डाल दिया। फिर पीछे से एक मोटरसाईकिल पर दो लडक़े और आये, जिन्होंने उसकी जेब से 2500 रूपए निकाल लिए और वहां से फरार हो गये। जिस शिकायत पर पुलिस थाना एसजीएम नगर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा सेक्टर.48 ने मामले में कार्रवाई करते हुए जावेद निवासी आदर्श कॉलोनी, प्रभात निवासी भूड़ कॉलोनी हाल भारत कॉलोनी, अदित्य निवासी अलीपुरा, नोएड़ा हाल भारत कॉलोनी व समीर मलिक वासी इस्लाम नगर, बंद मार्केट, ओल्ड फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी है। शिकायतकर्ता के भांजे ने दिन में आरोपियों को साथ मिलकर मामा को लूटने का प्लान बनाया था। जिसके बाद रात को जब शिकायतकर्ता दुकान से वापिस आ रहा था तो प्रभात और आदित्य ने रास्ता रोका और उसकी ऑखों में स्प्रे कर दिया फिर समीर व जावेद पीछे से आये और शिकायतकर्ता की जेब से 2500 रूपए निकाल लिये और वहां से भाग गये। आरोपियों से वारदात में प्रयोग 2 मोटरसाईकिल, एक स्प्रे व 1500 रूपए बरामद किए है। आरोपी भांजा फरार है। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।



# केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले : आलू और शकरकंद के सतत विकास में तेजी आएगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में 3 अहम फैसलों पर मुहर लगाई। देश के विकास को गति देने के लिए ये योजनाएं मददगार साबित होंगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में 3 अहम फैसलों पर मुहर लगाई। आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पास किया। इस प्रस्ताव में 1975 में लगे आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया गया और इसकी कड़ी निंदा की गई है। इसके साथ ही आगरा में एक अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र बनाने और पुणे मेट्रो के फेज-2 को मंजूरी दी गई। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पारित किया। इसकी जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

**रेल मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी**



### आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र की स्थापना होगी

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (सीएसएआरसी) की स्थापना के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू और शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य और पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। आलू चावल, गेहूं और मक्का के बाद दुनिया की चौथी प्रमुख खाद्यान्न फसल है। भारत में आलू क्षेत्र में उत्पादन क्षेत्र, प्रसंस्करण क्षेत्र, पैकेजिंग, परिवहन, मार्केटिंग, मूल्य श्रृंखला आदि में महत्वपूर्ण रोजगार अवसर पैदा करने की क्षमता है। इसलिए इस क्षेत्र में विशाल संभावनाओं का दोहन और अन्वेषण करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र सिंगना, आगरा, उत्तर प्रदेश में स्थापित किया जा रहा है।

**दक्षिण एशिया में भी आलू-शकरकंद के विकास में तेजी**

सीएसएआरसी द्वारा विकसित आलू और शकरकंद की उच्च उपज देने वाली, पोषक तत्व वाली और जलवायु अनुकूल किस्में, विश्व स्तरीय विज्ञान और नवाचार के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दक्षिण एशिया क्षेत्र में भी आलू और शकरकंद क्षेत्र के सतत विकास में तेजी आएगी।

### पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण वनाज से चांदनी चौक (कॉरिडोर 2ए) और रामवाड़ी से वाघोली/विट्ठलवाड़ी (कॉरिडोर 2बी) को मंजूरी दे दी है। यह चरण-1 के तहत मौजूदा वनाज-रामवाड़ी



कॉरिडोर का विस्तार है। इसकी अनुमानित लागत 3626.24 करोड़ है, जिसे भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार और बाहरी द्विपक्षीय/बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा समान रूप से साझा किया जाएगा। यह रणनीतिक विस्तार पुणे की आर्थिक क्षमता को उजागर करेगा और अर्बन ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाएगा। साथ ही महानगरीय क्षेत्र में सस्टेनेबल और इंक्लूसिव डेवलपमेंट में महत्वपूर्ण योगदान देगा। ये दो एलिवेटेड कॉरिडोर 12.75 किमी क फैले होंगे और इनमें 13 स्टेशन शामिल होंगे, जो चांदनी चौक, बावधन, कोथरुड, खराडी और वाघोली जैसे तेजी से विकसित हो रहे उपनगरों को जोड़ेंगे। इस परियोजना को 4साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

*संशोधित झरिया मास्टर प्लान भी स्वीकृत*

### 5,940 करोड़ से होगा रोजगार और पुनर्वास का समाधान



केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने झारखंड के धनबाद जिले में स्थित झरिया कोयलांचल के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत कुल 5,940.47 करोड़ रखर्च किया जाएगा। योजना का उद्देश्य वआग, भूमि धंसान और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की गंभीर समस्याओं का समाधान करना है। इससे विस्थापित परिवार नए घरों में न रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### बैंक धोखाधड़ी मामले में भगोड़ा सतीश गिरफ्तार

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सीबीआई ने 1978 के एक बैंक धोखाधड़ी मामले में भगोड़े घोषित अपराधी सतीश कुमार आनंद को आखिरकार 47 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई बैंक ऑफ इंडिया को 5 लाख 69 हजार रुपये के नुकसान से जुड़े एक पुराने मामले में की गई, जिसमें आनंद लंबे समय से फरार था। सीबीआई ने भी हार नहीं मानी। इस केस से जुडे दर्जनों अधिकारी रिटायर हो गए फिर भी केस जिंदा रहा। अपनी रफ्तार चलता रहा।

### महाराष्ट्र में पांचवीं से शुरू हो हिंदी की पढ़ाई

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य के स्कूलों में



हिंदी पढ़ाए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। पवार ने सूबे में पहली कक्षा से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाने के फैसले का विरोध किया है। उन्होंने इस मुद्दे पर महाराष्ट्र में जारी बवाल के बीच सुझाव दिया कि हिंदी की पढ़ाई पांचवीं कक्षा से शुरू की जानी चाहिए।

### नीतीश के मंत्री अशोक बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी असिस्टेंट प्रोफेसर बनने वाले हैं।



अशोक असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयनित हुए हैं। उनका चयन पॉलिटिकल साइंस के लिए हुआ है। वे विधान परिषद के सदस्य हैं और उन्होंने पीएचडी तक पढ़ाई की है। पॉलिटिकल साइंस के लिए आयोग ने 274 उम्मीदवारों का चयन किया है।

### 'कांग्रेस अब बीजेपी की गोद में बैठ गई : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस की शीर्ष नेतृत्व अब बीजेपी की गोद में बैठ चुकी है। और दोनों पार्टियां एक ही सिस्टम के दो चेहरे बन गई हैं - सत्ता से पैसा और पैसे से सत्ता। केजरीवाल ने कहा, 'जब कांग्रेस कार्यकर्ता देखते हैं कि उनके नेता बीजेपी से हाथ मिला रहे हैं।

### वक्फ की जमीन सरकार नहीं छीन सकेगी

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर वक्फ कानून को लेकर केंद्र सरकार



पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी या मोदी सरकार हमसे वक्फ की एक जमीन नहीं छीन सकेंगे। कर्नाटक का रायचूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने ये बात कही। ओवैसी ने कहा कि मुसलमानों को ये कानून बनाकर डराया जा रहा है।

## आपातकाल पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस को घेरा, 'काला चिट्ठा' लाया गया सामने

# निरंकुश शासक ने अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए आपातकाल लागू किया : अमित शाह


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका एकमात्र उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, भारत के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू किया था। मोदी सरकार इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाती है। गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा थोपा गया आपातकाल, जिसका एकमात्र उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, भारत के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था।'' शाह 1975 में महज 11 वर्ष के थे। उन्होंने कहा कि वह तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 'बाल स्वयंसेवक' थे और उन्होंने आपातकाल के बुरे दौर के दौरान हुई ज्यादतियों और अन्याय को प्रत्यक्ष रूप से सुना।

**इमरजेंसी की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस पर हमला**

*यह भारत के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक*

*मोदी सरकार इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाती है*



**यह एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का था प्रतिबिंब**

### जनता ऐसी सत्ता को उखाड़ फेंकती है

' आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने कहा कि यह दिन सभी को याद दिलाता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। गृह मंत्री ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का अन्याय काल था।

### आंदोलन से जुड़ने पर गर्व

उन्होंने कहा कि उस समय की यादें धुंधली हैं, क्योंकि तब वह बहुत छोटे थे, लेकिन दमन, यातना, लोकतांत्रिक मूल्यों पर खुला हमला, अब भी उनकी स्मृतियों में है। उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैं एक ऐसे आंदोलन से जुड़ा, जो इस अत्याचार के खिलाफ खड़ा हुआ और मैं एक ऐसे नेता से जुड़ा हूं जिसने भारत के लोकतंत्र और इसके संविधान की रक्षा के लिए निडरता से आवाज उठायी।'

### आपातकाल राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं

शाह ने 'एक्स' पर लिखा, ''यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है।'' उन्होंने कहा, ''आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था।

### स्वतंत्रता कुचली गई

उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांध दिए गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा, ''देशवासियों ने 'सिंहासन खाली करो' का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।'' पिछले साल शाह ने घोषणा की थी कि मोदी सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाएगी।

**खरगे ने अपने ही नेता थरूर पर कसा तंज**

## कुछ लोगों के लिए देश से पहले मोदी





कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी ही पार्टी के सीनियर लीडर शशि थरूर पर बुधवार को तीखा तंज कसा। आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर खरगे ने मोदी सरकार को निशाने पर लिया। इसके बाद मीडिया ने जब उनसे शशि थरूर को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के लिए देश से पहले मोदी हैं। खरगे ने कहा कि देश हमारे लिए पहले है। कुछ लोगों के लिए मोदी पहले हैं। वहीं शशि थरूर ने भी अपने ही अंदाज में जवाब दिया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें किसी का नाम नहीं लिया है, लेकिन इशारों में बड़ी बात कही है।

**थरूर का जवाब**

### उड़ने की इजाज़त मत मांगो, पंख तुम्हारे अपने हैं और आसमां किसी का नहीं

शशि थरूर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उड़ने की इजाज़त मत मांगो। पंख तुम्हारे अपने हैं और आसमान किसी का नहीं है। शशि थरूर के इस पोस्ट को लेकर माना जा रहा है कि उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे समेत कांग्रेस नेतृत्व को जवाब दिया है कि वह अपनी राय रखने के लिए किसी की परमिशन के मोहताज नहीं हैं। माना जा रहा है कि शशि थरूर का यह रुख कांग्रेस नेतृत्व के लिए स्पष्ट संकेत है और वह किसी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। जयराम रमेश, पवन खेड़ा जैसे नेताओं के बाद अब मल्लिकार्जुन खरगे की बात पर भी उनका दोटूक जवाब मायने रखता है।

### भाजपा आपातकाल पर ड्रामा कर रही: खरगे

खरगे ने आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल लागू है। उन्होंने भाजपा सरकार पर अपनी प्रशासनिक विफलता को छिपाने के लिए संविधान हत्या दिवस का नाटक करने का आरोप लगाया। पीएम के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि जिस सरकार में सहनशीलता नहीं है और जो भाईचारे और आजादी को पनपने नहीं देती, उसे दूसरों को उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।जो लोग संविधान के बचाव की बात अब कर रहे हैं, इमरजेंसी की बात बार-बार दोहरा रहे हैं।



### स्वतंत्र भारत के इतिहास का दर्दनाक अध्याय था

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा, संविधान हत्या दिवस पर हम स्वतंत्र भारत के इतिहास के एक दर्दनाक अध्याय को याद करते हैं, जब संस्थाओं को कमजोर किया गया, अधिकारों को निलंबित कर दिया गया और जवाबदेही को दरकिनार कर दिया गया। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है कि हमें संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी है।



### लोकतंत्र का गला घोंटने का कुत्सित प्रयास था

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, भारतीय लोकतंत्र का आपातकाल के माध्यम से गला घोंटने का कुत्सित प्रयास किया गया था। आपातकाल को लोग आज भी भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय के रूप में याद रखते हैं। संविधान को दरकिनार करते हुए जिस तरीके से देश पर आपातकाल थोपा गया वह सत्ता के दुरुपयोग और तानाशाही का बहुत बड़ा उदाहरण है। तमाम विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया।



### सरकार की तानाशाही का प्रतीक था : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दावा किया कि आपातकाल इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार की ''तानाशाही का प्रतीक'' था और इसे लागू करना ''इतिहास में एक काला दिन'' था। आपातकाल के दौरान एक युवा छात्र नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख ने सोशल मीडिया पर यह बयान दिया।

**मामले में चार लोगों के नाम प्राथमिकी में शामिल, एक ने किया सुसाइड**

## सीबीआई ने 2.5 करोड़ के नकली डाक टिकट घोटाले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2.5 करोड़ रुपये के नकली डाक टिकट घोटाले के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में चार लोगों के नाम प्राथमिकी में शामिल थे, जिनमें से एक आरोपी की मृत्यु हो चुकी है। पप्पू सिंह, मृतक राहुल कुमार का भाई, जिसे इस घोटाले में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राजेश कुमार, निजी व्यक्ति, जिसे सीबीआई ने इस मामले में संलिप्त पाया। महेंद्र कुमार, राजेश कुमार के पिता, जो एक निजी व्यक्ति हैं और इस घोटाले में सह-आरोपी के रूप में गिरफ्तार किए गए।

### नकली डाक टिकटों का उपयोग किया



राहुल कुमार लखावटी उप-डाकघर के तत्कालीन उप-डाकपाल (सब-पोस्ट मास्टर), जिनका नाम एफआईआर में शामिल था। राहुल कुमार की रविवार सुबह एक ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने की खबर है। मृत्यु से पहले, उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उन्होंने अपनी बेगुनाही का दावा किया और वरिष्ठ अधिकारी राजेश पर उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने जुलाई 2024 में बुलंदशहर के मुख्य डाकघर में छापेमारी की थी, जहां 10 घंटे तक दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में पता चला कि नकली डाक टिकटों का उपयोग रजिस्टर्ड मेल, स्पीड पोस्ट और पार्सल बुकिंग के लिए किया गया, जिससे 2.5 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई।

## जम्मू में चोरी के आरोपी की सरेआम परेड, पुलिस ने गाड़ी के बोनट पर बैठाकर घुमाया, जूतों की माला भी पहनाई

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू के बख्शीनगर में चोरी के आरोपी को पुलिस ने जूतों की माला पहनाकर गाड़ी के बोनट पर बैठाकर परेड कराई, जिसका वीडियो वायरल हो गया। घटना पर विवाद के बाद एसएसपी ने जांच के आदेश दिए हैं और पुलिस की कार्रवाई पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप भी लग रहे हैं। जम्मू के बख्शीनगर थाने की पुलिस ने मंगलवार को चोरी के एक आरोपी को अपनी गाड़ी के बोनट पर बैठाकर परेड करवाई। उसे जूतों की माला भी पहनाई गई। आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था।



**घटना का वीडियो वायरल :** इस पूरे घटनाक्रम में बड़ी संख्या में लोग पुलिस की गाड़ी के साथ चलते रहे। आरोपी इश्फाक कश्मीर का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बोनट पर बैठाये गए चोरी के आरोपी के हाथ बंधे हुए थे, उसे जूतों की माला पहनाया और लोग अपने मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। पुलिस अपनी गाड़ी में लगे लाउडस्पीकर से आरोपी के बारे में अनाउंसमेंट भी कर रही थी। पुलिस की इस कार्रवाई पर वाहवाही के साथ सवाल भी उठ रहे हैं। इस पूरी घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जम्मू के एसएसपी जोगेंद्र सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

- एसएसपी ने जांच के आदेश दिए
- आरोपी इश्फाक कश्मीर का निवासी

**पुलिसकर्मियों पर हो सकती है कानूनी कार्रवाई :** जम्मू उत्तरी क्षेत्र के एसडीपीओ एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट देंगे। इस मामले में कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ अनुशासन भंग करने की कार्रवाई हो सकती है। मामला कुछ यूं है कि चिनैनी निवासी सुरेंद्र सिंह मंगलवार की सुबह जीएमसी जम्मू में अपने पिता की जांच करवाने के लिए पहुंचा था। वहां उसने एक युवक को पहचान लिया।




**सोनम-राज ने कबूला- हां, हम एक-दूसरे से प्यार करते हैं**

## इंदौर में सोनम रघुवंशी की अवैध पिस्टल बरामद, पुलिस को लैपटॉप की भी तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

राजा रघुवंशी के मर्डर की आरोपी सोनम और राज कुशवाह ने शिलॉन्ग पुलिस के सामने पहली बार रिलेशन में होने की बात कही है। शिलॉन्ग एसपी विवेक सैयम ने बताया कि दोनों ने पूछताछ में कहा- हम एक-दूसरे से प्यार करते हैं। दोनों ने पहले ही अपराध स्वीकार कर लिया है।

हमारे पास सबूत हैं। सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंध थे और दोनों ने राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रची थी। मुझे नहीं लगता कि हमें इस स्तर पर (नैरो एनालिसिस टेस्ट) क्यों करना चाहिए। इधर, इंदौर में शिलॉन्ग एसआईटी ने सोनम की अवैध पिस्टल बरामद की है।

**वह पिस्टल भी नाले से बरामद हो गई है, जो सोनम के बैग में थी**



### राजा के भाई की अपील वकील बहिष्कार करें

वहीं, 24 जून को राजा रघुवंशी के परिवार ने मामले में हाईकोर्ट जाने की बात कही। राजा के बड़े भाई सचिन रघुवंशी ने शिलॉन्ग के वकीलों से अपील की है कि सोनम, राज, आकाश और आनंद जघन्य हत्याकांड में शामिल हैं। किसी वकील को इन आरोपियों की पैरवी नहीं करनी चाहिए। इंदौर से भी इस मामले में किसी वकील को आगे नहीं आना चाहिए।

### लैपटॉप में हवाला के हिसाब की आशंका

*पुलिस के हाथ हवाला कारोबार के भी इनपुट लगे हैं। अनुमान है कि सोनम के लैपटॉप में इसके लेन-देन का हिसाब मिल सकता है। इस लैपटॉप को सिलोम ने डिजिटल एविडेंस समझकर फेंक दिया था। कुछ ऐसी जानकारी भी पता चली है, जिससे तांत्रिक क्रिया के चलते मर्डर का शक गहरा रहा है। ऐसे में शिलॉन्ग पुलिस अभी सिलोम जेम्स और चौकीदार बलवीर अहिरवार को लेकर इंदौर में ही रुकेगी।*

***ये भी मिला :*** *पुलिस को एक पिस्टल इंडस्ट्रीज हाउस के पीछे नाले में एक सफेद थैली में मिली, जो सोनम के बैग में थी। बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर सिलोम जेम्स के घर के बाहर खड़ी एक कार से करीब 1 लाख रुपए भी बरामद किए गए हैं।*

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**

## आज मादक द्रव्य निषेध तस्करी रोकथाम दिवस मनाया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग गुरुवार को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश भर में नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए




राष्ट्रीय कार्य योजना के अंतर्गत विभाग ने सभी समर्थित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और सभी गैर सरकारी संगठनों/स्वैच्छिक संगठनों से 1 जून से 26 जून तक जागरूकता कार्यक्रम/कार्यक्रम आयोजित करने और संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा है।

## चिंतन

# लोकतंत्र पर काले धब्बे की तरह है आपातकाल

कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो भर तो जाते हैं, लेकिन उनका दर्द दशकों तक टीस देता रहता है। भारतीय लोकतंत्र पर ऐसा ही एक घाव है आपातकाल, जो न केवल दशकों बल्कि शताब्दियों तक दर्द का अहसास करवाता रहेगा। महज प्रधानमंत्री पद पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र पर ऐसा काला धब्बा लगाया जिसने न केवल देशवासियों पर जुल्म किए बल्कि संविधान निर्माताओं को भी शर्मिंदा कर दिया। देशवासियों के अधिकारों पर हमला करने वाला यह आपातकाल 25 जून 1975 को लागू किया गया और 21 मार्च 1977 को इसे वापस लिए जाने तक 21 महीने तक रहा। इस आपातकाल के आदेश ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को शासन करने का अधिकार दिया और नागरिक स्वतंत्रता पर बड़े पैमाने पर अंकुश लगाया। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने विशेष रूप से पाकिस्तान के साथ युद्ध और बांग्लादेश की मुक्ति के बाद आंतरिक अशांति से भारत की सुरक्षा को आसन्न खतरे का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा की। यह केवल और केवल राष्ट्रपति द्वारा दिया गया आदेश मात्र था, जबकि इसके पीछे की सूत्रधार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी। यह आपातकाल इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा समाजवादी नेता राज नारायण द्वारा दायर एक मामले में चुनावी कदाचार के लिए दोषी ठहराए जाने के कुछ ही दिनों बाद लगाया गया, जिसमें उन्होंने रायबरेली लोकसभा सीट से उनकी जीत को चुनौती दी थी। दोषसिद्धि के कारण उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया और आपातकाल के कारण उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में बने रहने की अनुमति मिल गई। आपातकाल के दौरान दमनकारी आंतरिक सुरक्षा अधिनियम भी पारित किया गया था, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का बड़े पैमाने पर निलंबन हुआ, विपक्षी नेताओं और आलोचकों को हिरासत में लिया गया और प्रेस सेंसरशिप की गई। 1975 के 38वें संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा को न्यायिक समीक्षा से मुक्त कर दिया। इसे बाद में 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया। हाईकोर्ट के फैसले के बाद नैतिकता का तकाजा था कि इंदिरा इस्तीफा देकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करतीं पर 12 जून को ही भीड़ ने उनके आवास के समक्ष जस्टिस सिन्हा को सीआइए एजेंट बताकर नारेबाजी की। उन दिनों इंदिरा के बेटे संजय गांधी की सक्रियता बढ़ गई थी। वे आरके धवन, चौधरी बंसीलाल आदि से मिलकर विरोधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहे थे। दिल्ली से प्रकाशित होने वाले अखबारों के कार्यालयों की बिजली काट दी गई। तमाम लोग 26 जून के बजाय 27 जून को जान पाए कि आपातकाल लग गया है। आपातकाल में सेंसरशिप के चलते कई संपादक-पत्रकार भी गिरफ्तार हुए और सरकार विरोधी समाचार छपने बंद हो गए। आपातकाल का विरोध करने वाले लगभग सभी नेता जेल में डाल दिए गए। आपातकाल को आज 50 साल पूरे हुए हैं। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार की तरफ से लगाई गई इमरजेंसी एक काला अध्याय है, जो सदियों तक दर्द देता रहेगा। हां, हमें सजग भी रहना होगा कि कोई शासनतंत्र दोबारा ऐसा करने की हिम्मत न करे। हम सबसे बड़ा और शानदार लोकतंत्र हैं। दुनियाभर में हमारे संविधान के तहत मिले अधिकारों को सम्मान से देखा जाता है। फिर कभी ऐसा न हो कि कोई इस पर काला धब्बा लगाने का प्रयास करें।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# एआई से बनाएं आर्थिक-सैन्य मजबूती

इजरायल-ईरान युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दी है। अब युद्ध में जीत आर्थिक शक्ति और हथियारों की ताकत के साथ-साथ एआई के इस्तेमाल से भी निर्धारित होती है। यद्यपि हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने एआई की कुशलता से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, लेकिन अब भारत को पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से सभी प्रकार से मुकाबले के लिए और अधिक तैयार रहने तथा वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए एआई की नई शक्ति के साथ सुसज्जित होकर आगे बढ़ना होगा।

यकीनन विगत 12 दिनों लड़े गए इजरायल-ईरान युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दी है। जहां इजरायल ने ईरान के खिलाफ एआई की मदद से सटीक हमले किए और मोसाद ने ईरान पर हमले की योजना बनाने में एआई का अभूतपूर्व इस्तेमाल किया है, वहीं ईरान ने भी एआई के उपयोग से ड्रोन टेक्नोलॉजी का सफल प्रयोग किया है। इस युद्ध में जिस वैश्विक आर्थिक महाशक्ति अमेरिका का इजरायल को अपार समर्थन रहा है, वह अमेरिका भी ग्लोबल एआई रैंकिंग में दुनिया में सबसे आगे है। ऐसे में इस युद्ध से यह रेखांकित हो रहा है कि अब युद्ध में जीत आर्थिक शक्ति और हथियारों की ताकत के साथ-साथ एआई के इस्तेमाल से भी निर्धारित होती है। यद्यपि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई की कुशलता से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, लेकिन अब भारत को पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से सभी प्रकार से मुकाबले के लिए और अधिक तैयार रहने तथा वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए एआई की नई शक्ति के साथ सुसज्जित होकर आगे बढ़ना होगा।

इसमें कोई दो मत नहीं कि भारत एआई कुशलता की डगर पर लगातार आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 11 जून को बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बाजार 2027 तक 3 गुना से ज्यादा बढ़कर 17 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में एआई में बढ़ता निवेश , स्टार्टअप्स की लहर, डिजिटल तंत्र और दमदार प्रतिभा आधार एआई बाजार की रफ्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग-कारोबार स्थानीय चुनौतियों को हल करने, नवाचार को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा लाभ बढ़ाने के लिए एआई तेजी से अपना रहे हैं। निसंदेह बढ़ती हुई वैश्विक औद्योगिक और कारोबारी चुनौतियां के बीच एआई विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है। ऐसे में भारतीय कंपनियां परंपरागत विकास की डगर को पार करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एआई का उपयोग लगातार बढ़ा रही हैं। यही कारण है कि इन दिनों एआई विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि जहां भारत में तेज आर्थिक विकास में एआई की भूमिका प्रभावी हो गई है, वहीं भारतीय एआई पेशेवरों की जरूरत देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ नई दिल्ली में कहा कि एआई को अपनाने वाले उद्योग भारत को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के मुताबिक 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इसी तरह केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आयटी मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'भारत की एआई क्रांति, विकसित भारत के लिए एक रोडमैप नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत को 23-25



ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर एआई पेशेवरों की अहम भूमिका होगी। गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट के अनुसार इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में फरवरी 2025 में आयोजित एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करते हुए कहा कि यद्यपि दुनिया में यह आशंका है कि एआई की वजह से नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण नौकरियां खत्म नहीं होती, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को हाईस्किल्ड बनाते हुए नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है। निश्चित रूप से भारत की नई पीढ़ी डिजिटल दौर के एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन के मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस समय जहां भारत की प्रतिभा संपन्न एआई से सुसज्जित नई पीढ़ी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रही है, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत की एआई हाईस्किल्ड नई पीढ़ी सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) से विदेशी मुद्रा की बड़ी कमाई करने वाली आर्थिक शक्ति के रूप में भी उभरकर दिखाई दे रही है। एआई हाईस्किल्ड मैनपावर के सरल और किफायती रूप से उपलब्ध होने के कारण भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के साथ सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि अब तक भारत में उत्पादकता उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है जितनी तेजी से विकास की महत्वाकांक्षा है।

इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए, उन क्षेत्रों की पहचान करने का प्रयास किया गया है जहां सरकार और निजी क्षेत्र दोनों द्वारा धन के उपयुक्त निवेश से एआई का उपयोग किया जा सके। यद्यपि देश में भारतजेन, देविका, सूत्र, ऐरावत, सर्वम-1, चित्रलेखा, एवरेस्ट-1 जैसे कई एआई मॉडल्स के लिए पेशेवर काम कर रहे हैं। पर अब भारत के द्वारा शीघ्रतापूर्वक खुद का जनरेटिव एआई मॉडल विकसित करना जरूरी हैं। हमें देश की नई पीढ़ी को एआई हाई-स्किल्स डेवलपमेंट की विशेषज्ञता के लिए और अधिक तेजी से प्रवृत्त करना होगा। कंप्यूटर विज्ञान, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग साइबर सुरक्षा, डाटा विज्ञान, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसे संबंधित क्षेत्रों के लिए बड़ी संख्या में दक्ष इंजीनियर तैयार करना होंगे। उम्मीद करें कि सरकार जहां इजरायल-ईरान युद्ध से निकले इस संदेश पर अवश्य ध्यान देगी कि पाकिस्तान और चीन की किसी भी आतंकी और सैन्य चुनौती से निपटने के लिए सैन्य ताकत को एआई से और अधिक सुसज्जित करेगी, वहीं देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नई पीढ़ी को दुनिया की कुशलतम एआई पीढ़ी के रूप में संवारने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि
रवीन्द्र रंजन



# आधुनिक भारत के संपूर्ण नायक हैं स्वामी सहजानन्द

विश्व के ज्ञात कृषि परंपरा के पांच हजार सालों के इतिहास में किसानों को पहली बार नेतृत्व करने व संगठित करने का कार्य करने वाले दंडी स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने आडंबर के खिलाफ धर्म के क्षेत्र में नवप्रवर्तन, शास्त्र के क्षेत्र में वेदों को सबको पढ़ने का हक दिलाने की सफल लड़ाई और समाज सुधार में अंतिम व्यक्ति को संगठित करने का श्रेयस्कर योगदान देकर यह साबित किया है कि आधुनिक भारत के किसी भी महानायक की तुलना में वे ज्यादा बहुआयामी और प्रभावशाली हैं। धर्म, राजनीति और समाज के बीच संघर्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाले सहजानन्द को आधुनिक भारत का संपूर्ण नायक कहा जाए तो इसमें किसी को कोई गुरेज नहीं होना चाहिए। खासकर ग्रामीण स्तर पर संगठन कला के विकास का पूरा श्रेय इन्हें ही जाता है। यही कारण है कि पं. राहुल सांकृत्यायन ने इन्हें 'नये भारत का नया नेता' कहा है। किसानों का देश कहे जाने वाले भारत में राष्ट्रीयता का बीज बोने का पूरा श्रेय भी सहजानन्द को ही जाता है। जब देश में राष्ट्रवाद एक वर्ग विशेष के बीच सिमटा था, तब सहजानन्द उसे सुदूर तक ले गये। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर 1920 में राजनीति में प्रवेश करने वाले सहजानन्द की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका गांधी, नेहरु, पटेल, बोस के बराबर की है। कांग्रेस में रहते हुए महात्मा गांधी से वैचारिक विरोध प्रकट करने और उनके व्यक्तित्व को खुली चुनौती देने का साहस स्वामी सहजानन्द सरस्वती में ही था। आजादी के दौर में गांधीवाद के समानांतर स्वामी सहजानन्द की कृषक राष्ट्रवाद की धारा ही सबसे सशक्त धारा थी। सहजानन्द ने नारा दिया था 'अंग्रेजी शासन मूर्दाबाद, लट्ठ हमारा जिंदाबाद।' उनके इस नारे ने देश भर के किसानों को वर्ग के तौर पर आंदोलित किया और आजादी की ज्योति गांव तक पहुंच सकी। गांधी के विचारों से असहमत रहने वाले दिग्गज नेताओं का मार्गदर्शन भी स्वामी सहजानन्द के द्वारा किया जाता था। क्रांतिकारी सुभाषचंद्र बोस, समाजवादी राममनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण जैसे दिग्गज नेताओं का अक्सर पटना से सटे बिहटा में स्वामी सहजानन्द के सीताराम आश्रम में आना-जाना इसी कारण हुआ करता था। इसी क्रम में सीताराम आश्रम बिहटा की अपनी यात्रा के उपरांत गांधी और सहजानन्द के परिपेक्ष्य में सुभाष चंद्र बोस ने टिप्पणी की और कहा कि साबरमती के आश्रम में खादी धोती पहने मैंने पूंजीपतियों के एक संन्यासी को देखा, परन्तु भारत का एक सच्चा संन्यासी मुझे सीताराम आश्रम पटना में मिला। सुभाष चंद्र बोस ने सहजानन्द को आधुनिक भारत का 'युग पुरुष' माना है। असल में सहजानन्द इस तमगे के वाजिब हकदार भी हैं। 1939 के रामगढ़ अधिवेशन में सहजानन्द ने ही भारत छोड़ो का नारा दिया था। कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर गांधी के विरोध के बाद भी सुभाष निर्वाचित होने में कामयाब रहे तो पर्दे के पिछे सहजानन्द का कृषक संगठन ही कार्य कर रहा था। दरअसल, गांधी और कांग्रेस से सहजानन्द के टकराव का बड़ा कारण किसान ही थे। जब सहजानन्द ने देखा कि देश की 80 प्रतिशत जनता किसान है, वह जमींदारी के शिकंजे से उत्पीड़ित होकर कराह रही है तो उन्होने इस ओर गांधी समेत अन्य कांग्रेसी नेताओं का ध्यान आकृष्ट करवाने की कोशिश की। माकूल जवाब नहीं मिला तो घूम-घूम कर किसानों को जगाया, लेकिन कांग्रेस में विराजमान कुछ तत्व जमींदारों के ही पक्षधर बन बैठे जबकि स्वामी सहजानन्द साम्राज्यवादी ढांचे को समाप्त कर ऐसे राज्य का निर्माण करना चाहते थे, जो भूमि पर किसानों के अधिकार को स्थायी तौर पर कायम कर सके। 1937 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फैजपुर अधिवेशन में किसान कार्यक्रमों में यह बात शामिल नहीं की गई। इसको लेकर किसान समुदाय को वर्गीय आधार पर संगठित करने वाले सहजानन्द का गांधी से मतभेद हो गया। सहजानन्द का मानना था कि देश की दुर्दशा के लिए अंग्रेजों के समान जमींदार भी जिम्मेवार हैं। उन्होंने जमींदारी प्रथा को दोषी मानते हुए इनके खिलाफ लड़ाई लड़ी और इस लड़ाई का केंद्र बिहार को बनाया। रामगढ़ (पहले बिहार अब झारखंड), फैजपुर (महाराष्ट्र), कोमिल्ला (बंगाल), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) आदि में किसानों का सफल अधिवेशन किया। इसमें देश के लाखों किसान समेत बोस व आचार्य नरेंद्र देव जैसे नेताओं ने भी हिस्सा लिया। यह स्वामी सहजानन्द सरस्वती की ही देन था कि देश जमींदारी से मुक्त हुआ और बिहार ऐसा पहला सूबा बना।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## करोड़ों योनियों का बंधन



संकलित
**दर्शन**

ज्ञानी कहते हैं- संसार माया जाल है। इस जाल में उलझक जीव जन्म जन्मांतर तक भटकता रहता है। हो सकता है कि आपने भी अब तक करोड़ों जन्म लिए हों और अगर इस जन्म में माया के बंधन से प्रयास नहीं किया तो आगे भी करोड़ों योनियों में भटकना पड़ेगा। इन्हीं स्थितियों से निकलने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा है दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया। मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते। 'यह अलौकिक अर्थात अति अद्भुत त्रिगुणमयी मेरी माया बड़ी दुस्तर है परंतु जो पुरुष केवल मुझको ही निरंतर भजते हैं, वे इस माया का उल्लंघन कर जाते हैं अर्थात संसार से तर जाते हैं।' यह जो माया है बड़ी दुस्तर है, इसको तरना बड़ा कठिन है। असंभव नहीं कठिन है। यह तीन गुणवाली है। तामसी आदमी अपना बिगाड़ करके भी दूसरे का बड़ा बिगाड़ करने में खुश होगा। आलस्य, निद्रा, शराब-कबाब में, कलह में वह मजा लेगा- वह माया के तामसी गुण में बंधा है। राजसी आदमी भोग में, संग्रह में- माया के रजोगुण में बंधा है। मरनेवाले शरीर की सुख-संपत्ति और मान-प्रतिष्ठा में अपना जीवन खपा देता है नासमझ! सात्विक आदमी होम-हवन, यज्ञ-याग किया, दान-पुण्य यह-वह... अच्छा काम किया और लोग बोल रहे हैं: 'अच्छे हैं, नेक हैं, आहा...'बोले : 'अच्छा है, अपना घर है, बेटे वेल-सेट हैं, बेटी का विवाह करा दिया, भगवान की दया है मुझ पर...' वह सात्विक व्यक्ति इन्हीं में बंधा है, फंसा है। यह माया का गुण है।

## अनुभव की खान है बुजुर्ग



संकलित
**प्रेरणा**

बूढ़ा आदमी दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। बूढ़े की कांपती हुई गर्दन कहती है कि दुनिया में कुछ भी सार नहीं है उसके कांपते हुए हाथ कहते हैं कि परोपकार और दान करना हो तो आज ही कर लो, वर्ना कल कुछ न कर पाओगे। उसके लड़खड़ाते पैर कहते हैं कि तीर्थ यात्रा आज ही कर डालो, वर्ना हम लाचार हो जाएंगे। दुनिया में ऐसा कोई भी नहीं है जो सदैव युवा रहे। राम, कृष्ण, महावीर सभी को बुढ़ापा आया। लेकिन यह मत समझो कि बुढ़ापा जीवन का अंतिम सफर है। बुढ़ापा तो जीवन का एक सुनहरा अध्याय है। किसी भी बूढ़े को निराश और हताश नहीं होना चाहिए। 20 साल का जवान भी निराशवादी है तो वह बूढ़ा है और यदि 80 साल बूढ़ा भी आशवादी है तो वह जवान है। यह मत सोचना कि बुढ़ापे में कुछ नहीं कर सकते, 70 साल की उम्र में सुकरात साहित्य की रचना करते थे। 80 साल की उम्र में कीरो ने ग्रीक भाषा सीखी थी और 90 वर्ष की उम्र तक पिकासो चित्र बनाते रहे। जब 70 साल की उम्र में महात्मा गांधी देश की आजादी के लिए लड़ सकते हैं तो हम बुढ़ापे से क्यों नहीं लड़ सकते। बुढ़ापे में कभी खाली मत बैठना, कुछ न कुछ करते रहना। जो लोग जवानी में ज्यादा इतराते हैं उन्हे बुढ़ापे में आंसू बहाने पड़ते हैं इसलिए जवानी ढंग से गुजारें, बुढ़ापे में रोना नहीं पड़ेगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उपद्रवियों की कारस्तानी से हमसफ़र ट्रेन दुर्घटना होते बची

देश मे कानून व्यवस्था बिगाड़ने और दुर्घनाओं को अंजाम देने केलिए कदम कदम पर शरारती तत्व मौजूद है। आये दिन वंदे भारत ट्रेन पर हमला किया जा रहा था। उपद्रवियों को सरंक्षण मिला हुआ है। यह सोची समझी चाल है । रेल घटना से जानमाल का नुकसान करके सुकून से जीना चाहते हैं। ट्रेनों पर पथराव और नुकसान करना आम बात हो गई है। आनन्द विहार गोरखपुर हमसफ़र को पलटाने के लिए पटरी पर लोहे का भारी भरकम एंगल रखा गया था। हमसफ़र लोहे के एंगल से टकरा गई। लेकिन लोको पायलट की सतर्कता से दुर्घटना से बचा जा सका। यदि ट्रेन पटरी से उतर जाती तो कई लोगो के मरने की पूरी संभावना थी। तेज गति से चल रही ट्रेन को असामाजिक तत्वों ने रेल को पलटाने की कोशिश की। *-कांतिलाल मांडोत सूरत*

## ट्रेंड

### संविधान की हत्या



25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप कर देश के संविधान की हत्या कर दी थी। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### बगोदर के प्रवासी मजदूर



नाइजर में फंसे बगोदर के प्रवासी मजदूरों की सकुशल घर वापसी को लेकर मैं प्रारंभ से ही विदेश मंत्रालय के संपर्क में हूँ। इसी क्रम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिल कर मामले पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### इतिहास का काला अध्याय



25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है, जिसकी विभीषिका को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। जेलों में डाले गए निर्दोष नागरिकों की पीड़ा, परिवारों की व्यथा और लोकतंत्र पर क्रूरतम आघात की गाथा इतिहास के पन्नों में अंकित रहेगी।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### मणिपुर जल रहा है



मणिपुर जल रहा है, लेकिन मोदी जी आज तक वहाँ नहीं गए। देश घूम रहे हैं, विदेश घूम रहे हैं, पर मणिपुर में संविधान की धज्जियाँ उड़ रही है, वहाँ नहीं जाते ! क्या मणिपुर के लोग भारत के नागरिक नहीं हैं ?
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

# जापान का नाटो सम्मेलन में नहीं जाना तनाव का संकेत



जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक अपना नाम वापस ले लिया। शिगेरु इशिबा के अलावा भारत-प्रशांत क्षेत्र के दो अन्य नेता- आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग भी शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होने की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार (ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और जापान) की बैठक भी शायद नहीं होती। फिर भी जापान का प्रतिनिधित्व उसके विदेश मंत्री ताकेशी इवाया करेंगे, जो नाटो के साथ अपने सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने की इच्छा दर्शाएंगे। हालांकि, इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।

## ऑफ बीट

# तनाव से ग्रस्त बेघर जानवरों को शांत करा रहा संगीत



आम तौर पर यह कहा जाता है कि संगीत मानवता की सार्वभौमिक भाषा है। अब ह्यूस्टन का 12 वर्षीय एक लड़का तनाव से ग्रस्त जानवरों को शांत कराने में इसकी शक्ति को परख रहा है। युवी अग्रवाल ने चार साल की उम्र से कीबोर्ड बजाना शुरू किया था और कई साल पहले उसने देखा कि उसके संगीत से परिवार के बेचैन 'गोल्डन डूडल' कुत्ते बोजो को शांति मिलती है। इसके बाद उसे जिज्ञासा हुई कि क्या इससे तनाव से ग्रस्त बेघर जानवरों की भी मदद हो सकती है। अपने माता-पिता की मदद से उसने 2023 में गैर-लाभकारी 'वाइल्ड ट्यून्स' की स्थापना की ताकि पशु आश्रयों में संगीत बजाने के लिए संगीतकारों की भर्ती की जा सके। अब तक उसने ह्यूस्टन, न्यू जर्सी और डेनवर में नौ आश्रय गृहों में संगीत प्रस्तुति के लिए विभिन्न उम्र एवं पृष्ठभूमियों के लगभग 100 स्वयंसेवी संगीतकारों और गायकों को भर्ती किया है। अग्रवाल ने हाल ही में डेनवर पशु आश्रय गृह में अपने पोर्टेबल कीबोर्ड पर बीटल्स के 'हे जूड' और एड शीरन के 'परफेक्ट' जैसे हिट गाने बजाने के बाद कहा, ''संगीत का आनंद लेने के लिए आपको बोल समझने की ज़रूरत नहीं है। बस धुन, सामंजस्य और लय का आनंद लें। इसलिए यह भाषायी बाधाओं को पार करता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप




### काश मैने बेहतर प्रदर्शन किया होता : नीरज

**ओस्ट्रावा।** भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85 . 29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता । जीत के बाद उन्होंने कहा ,'' मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता ।''उन्होंने कहा ,'' मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था । मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा । आज वह सपना सच हो गया है ।''नीरज ने हालांकि कहा ,'' मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है । दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला । काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता ।''

### निशानेबाजी लीग के लिए 400 खिलाड़ियों का पंजीयन



**नई दिल्ली।** आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑसट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं।'' पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

### खेलो इंडिया विवि खेलों का आयोजन नवंबर में जयपुर में

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) का पांचवां सत्र नवंबर में जयपुर में आयोजित किया जाएगा जिसमें 4,000 से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्णिमा विश्वविद्यालय और राजस्थान विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से अंडर-25 बहु-खेल खेलों की मेजबानी करेंगे। इसमें 200 से अधिक विश्वविद्यालय भाग लेंगे। पिछले सत्र की तरह केआईयूजी 2025 कार्यक्रम में कम से कम 20 खेल होंगे।

### चार देशों के टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर टीम तीसरे स्थान पर

**बर्लिन।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हाफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली और शुरुआती दो क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया ने अंततः तीसरे क्वार्टर में मैच के 40वें मिनट में टोबी के मैदानी गोल से बढ़त बनाई।

---

## छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन

# एसएससीबी ब्वॉयज और गर्ल्स की टीम चैंपियन, हरियाणा दूसरे स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का बुधवार को समापन हो गया। इस चैंपियनशिप में एसएससीबी ब्वॉयज और गर्ल्स की टीम चैंपियन रही, जबकि हरियाणा ब्वॉयज और गर्ल्स की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में देशभर से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में फाइनल मुकाबलों में अपनी ताकत, तकनीक का परिचय दिया। हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनिवाल और एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन मुख्य तौर पर मौजूद रहे। प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि यह चैंपियनशिप हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश के. सरहदी, रविंद्र पन्नू महासचिव, महम बॉक्सिंग संघ से पूर्ण फौजी सहित रोहतक के सचिव संदीप मौर मौजूद रहे। इस चैंपियनशिप में देश के 32 राज्यों और टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू जैसी यूनिट्स की टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी तकनीकी दक्षता, स्फूर्ति और रिंग में मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया।





रोहतक। हरियाणा लड़के और लड़कियों की टीम फर्स्ट रनरअप रही व एसएससीबी की लड़के, लड़कियों की टीम चैंपियन रही। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे लड़कियों के नतीजे

| मेडल | नाम |
|---|---|
| **44 से 46** | |
| गोल्ड | खुशीचंद |
| सिल्वर | लक्ष्मी |
| ब्रॉन्ज | जिन्नत मलिक |
| ब्रॉन्ज | मोनिका डोले |
| **46 से 48** | |
| गोल्ड | जिया |
| सिल्वर | लक्ष्मी लमानी |
| ब्रॉन्ज | अफासा कालिया |
| ब्रॉन्ज | के महालक्ष्मी |
| **48 से 50** | |
| गोल्ड | अहाना शर्मा |
| सिल्वर | भक्ति |
| ब्रॉन्ज | ममता |
| ब्रॉन्ज | रिया |
| **50 से 52** | |
| गोल्ड | नैतिक |
| सिल्वर | सिमरन |
| ब्रॉन्ज | अलिशा |
| ब्रॉन्ज | समीक्षा सिंह |
| **52 से 54** | |
| गोल्ड | चंद्रिका पुजारी |
| सिल्वर | मारिया |
| ब्रॉन्ज | भार्गवी |
| ब्रॉन्ज | नमिता |
| **54 से 57** | |
| गोल्ड | राधामनी |
| सिल्वर | हर्षिता |
| ब्रॉन्ज | यानीवाल सोनम |
| ब्रॉन्ज | प्रातिमा |
| **57 से 60** | |
| गोल्ड | हर्षिता |
| सिल्वर | सिल्वर |
| ब्रॉन्ज | इशिका |
| ब्रॉन्ज | सिमरनजीत कौर |
| **60 से 63** | |
| गोल्ड | दिया |
| सिल्वर | प्राची |
| ब्रॉन्ज | दाना देनी |
| ब्रॉन्ज | धांति |
| **63 से 66** | |
| गोल्ड | हमूर कौर |
| सिल्वर | प्रिया |
| ब्रॉन्ज | अस्वथी बिजू |
| ब्रॉन्ज | अनन्या ठाकुर |
| **66 से 70** | |
| गोल्ड | हिमांशी |
| सिल्वर | बरिना |
| ब्रॉन्ज | सान्वी |
| ब्रॉन्ज | ए सरनीधि |
| **70 से 75** | |
| गोल्ड | शिवानी तूर |
| सिल्वर | ज्योति |
| ब्रॉन्ज | एश्वर्या |
| ब्रॉन्ज | ई भारकवी |
| **75 से 80** | |
| गोल्ड | प्राची खत्री |
| सिल्वर | दीक्षा |
| ब्रॉन्ज | जयश्री |
| ब्रॉन्ज | अक्षरा |
| **80 से अधिक** | |
| गोल्ड | अंशिका |
| सिल्वर | अंशूका दुहन |
| ब्रॉन्ज | एसएम चारमी |
| ब्रॉन्ज | कौमल |

### ये रहे लड़कों के परिणाम

| मेडल | नाम |
|---|---|
| **44 से 46** | |
| गोल्ड | ध्रुव खर्ब |
| सिल्वर | उदय सिंह |
| ब्रॉन्ज | नरेंद्र कुमार |
| ब्रॉन्ज | आर्यन |
| **46 से 48** | |
| गोल्ड | फलक |
| सिल्वर | प्रियांशु वर्मा |
| ब्रॉन्ज | अंबेकर |
| ब्रॉन्ज | गोपाल |
| **48 से 50** | |
| गोल्ड | लंचेबा सिंह |
| सिल्वर | प्रियांश |
| ब्रॉन्ज | अमन देव |
| ब्रॉन्ज | रोहन जोशी |
| **50 से 52** | |
| गोल्ड | आदित्य |
| सिल्वर | टिकम सिंह |
| ब्रॉन्ज | लवसन सिंह |
| ब्रॉन्ज | मिलन |
| **52 से 54** | |
| गोल्ड | उद्यम सिंह |
| सिल्वर | आशीष |
| ब्रॉन्ज | मिर्जा अली बेग |
| ब्रॉन्ज | अर्श |
| **54 से 57** | |
| गोल्ड | रितेश कुमार |
| सिल्वर | लक्की |
| ब्रॉन्ज | इशाक लाल |
| ब्रॉन्ज | सुभम यादव |
| **57 से 60** | |
| गोल्ड | साहिल दुहन |
| सिल्वर | आर्यन |
| ब्रॉन्ज | सरस्वती |
| ब्रॉन्ज | पृथ्वी ठाकुर |
| **60 से 63** | |
| गोल्ड | लक्ष्य |
| सिल्वर | अमन सिवाच |
| ब्रॉन्ज | जी सुनील कुमार |
| ब्रॉन्ज | कबीर |
| **63 से 66** | |
| गोल्ड | अनंत |
| सिल्वर | नैतिक |
| ब्रॉन्ज | तेस्वीर |
| ब्रॉन्ज | कैफ खान |
| **66 से 70** | |
| गोल्ड | प्रियांश सहरावत |
| सिल्वर | अर्जुन |
| ब्रॉन्ज | प्राध्यन |
| ब्रॉन्ज | महेश सिंह |
| **70 से 75** | |
| गोल्ड | देवेंद्र चौधरी |
| सिल्वर | भव्य प्रताप |
| ब्रॉन्ज | हर्षित |
| ब्रॉन्ज | रोवाश जोसप |
| **75 से 80** | |
| गोल्ड | जयदिप सिंह |
| सिल्वर | हिमांशु यादव |
| ब्रॉन्ज | एन मानाशेह |
| ब्रॉन्ज | दक्ष महलावत |
| **80 से अधिक** | |
| गोल्ड | राहुल |
| सिल्वर | लोविन |
| ब्रॉन्ज | सत्या भार्गव |
| ब्रॉन्ज | अजय कृष्ण एएस |

---

## 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' : दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा मैच

# शार्दुल के प्रदर्शन से टीम निराश, दूसरे टेस्ट में कुलदीप को मिल सकती है जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा।

दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

### शार्दुल की गेंदों में धार नहीं थी

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा।



### स्पिनरों की मदद के लिए कुलदीप की मांग

इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

### कुलदीप को टीम में होना चाहिए : वेंगसरकर

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने कहा, ''कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है।' इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं।



### जडेजा की गेंदबाजी पर भी उठे सवाल

जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके। पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने 'जियोस्टार' से कहा, '' ''कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा।''


### ठाकुर चौथे तेज गेंदबाज में सफल नहीं रहे

मांजरेकर ने कहा, ''लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा।''

---

## विश्वकप जीत के 42 साल

# वह दिन जिसने भारतीय क्रिकेट की कामयाबी की नींव रखी



एजेंसीः नई दिल्ली

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो। कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे । उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी। टूर्नामेंट में यशपाल ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था ,'' जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है , मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं । मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है । वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी । ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था । '

### द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था ,'' वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं ।'' द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं ।

---

## शतरंज टूर्नामेंट

# ललित बाबू ने मुंबई ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के ललित बाबू ने बुधवार को यहां बेहतर टाई ब्रेक स्कोर के आधार पर आर्मेनिया के मामिकोन घरिबयान को पछाड़कर मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

ग्रैंडमास्टर ललित बाबू ने शीर्ष वरीय जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लाविन पेंटसुलिया के खिलाफ अपनी नौवें और अंतिम दौर की बाजी जीतकर आठ जुटाए। मामिकोन ने भी भारतीय ग्रैंडमास्टर नीलोत्पल दास के खिलाफ अपनी बाजी जीती और उनके भी आठ अंक रहे। ललित बाबू ने हालांकि मामिकोन के 54 के मुकाबले 54.5 के बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण खिताब जीता। उन्हें चार लाख रुपये की इनामी राशि मिली। दूसरे स्थान पर रहे मामिकोन को तीन लाख रुपये मिले। पांचवें स्थान पर रहे भारत के दीपन चक्रवर्ती को एक लाख 25 हजार रुपये की इनामी राशि मिली। जूनियर वर्ग में भारत के कैंडिडेट मास्टर मधेश कुमार अंतिम दौर में व्योम मल्होत्रा




को हराकर चैंपियन बने। उन्होंने कुल आठ अंक जुटाए। मधेश को दो लाख रुपये की इनामी राशि मिली। अद्विक अग्रवाल उप विजेता रहे और उन्हें डेढ़ लाख रुपये मिले। शीर्ष वरीय अंश नेरुरकर को तीसरे स्थान पर रहने के लिए एक लाख रुपये की इनामी राशि मिली।

### सानिधी सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई

सानिधी भट को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने ट्रॉफी और 45 हजार रुपये की इनामी राशि मिली। रचित गुरनानी और मिशा परवेज को मुंबई के खिलाड़ियों के बीच क्रमशः सर्वश्रेष्ठ लड़का और लड़की चुना गया। दोनों को 30 हजार रुपये और ट्रॉफी मिली।

---

### ऋषभ, धिनिधी और रोहित सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में चमके

*भुवनेश्वर। महाराष्ट्र के ऋषभ अनुपम दास ने बुधवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के चौथे दिन दो मिनट 0.65 सेकेंड के समय से श्रीहरि नटराज का प्रतियोगिता रिकॉर्ड तोड़कर और सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की 15 साल की ओलंपियन धिनिधी देसिंघु ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 56.78 सेकेंड के समय से नया रिकॉर्ड बनाया। विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने प्रतियोगिता में दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु के तैराक रोहित बेनेडिकशन ने इसकेबाद 50 मीटर बटरफ्लाई में 24.11 सेकेंड के समय से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।*

### एआईसीएफ ने खिलाड़ियों के लिए वजीफा योजना शुरू की

नई दिल्ली। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को शीर्ष राष्ट्रीय खिलाड़ी वजीफा योजना (टीएनपीएसएस) शुरू करने की घोषणा की जो प्रतिभा विकास में मदद करने के लिए एक वित्तीय सहायता पहल है।एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है।एआईसीएफ शीर्ष युवा शतरंज प्रतिभाओं के खातों में 60 हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की पहली तिमाही वजीफा राशि तुरंत भेज रहा है। अप्रैल से जून के महीनों के लिए कुल 42.30 लाख रुपये वितरित किए जाएंगे। अंडर-सात से लेकर अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी इस योजना के लाभार्थी होंगे। नारंग ने कहा, ''यह सिर्फ एक योजना नहीं है। यह दर्शाता है कि हम भारत के हर युवा शतरंज खिलाड़ी पर कितना गहरा विश्वास करते हैं।''उन्होंने कहा, ''हमारे इतिहास में पहली बार हम 39 लड़कियों और 39 लड़कों के भविष्य में सीधे निवेश कर रहे हैं। उन्हें अपनी प्रतिभा को सफलता में बदलने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।''

---

## पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत रैंकिंग में पाया उछाल

# पंत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं।

भारत ने इंग्लैंड को 371 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया था जो मेजबान टीम ने पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है।

### गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर



### पंत से पहले फ्लावर ने जड़े थे दो शतक

पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली।

### बुमराह गेंजबाजी में शीर्ष पर कायम

टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अधिक बदलाव नहीं हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए।

### ओली पोप को भी रैंकिंग में फायदा

डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं।

### स्टोक्स ऑलराउंडर सूची में 5वें स्थान पर

पहले टेस्ट में गेंद और बल्ले से प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में 163 रन बनाने वाले मुशफिकुर रहीम 11 स्थान की छलांग से 28वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के ही नजमुल हुसैन शंटो दोनों पारियों में शतक की बदौलत 21 पायदान की लंबी छलांग के साथ 29वें स्थान पर हैं

# एस्ट्रोनॉट बेटा अंतरिक्ष रवाना हुआ तो रो पड़ीं मां, लॉन्चिंग के बाद किया भांगड़ा

## पहली बार कोई भारतीय नागरिक आईएसएस की यात्रा पर गया, 6 बार टला मिशन, 7वीं बार कामयाबी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस पर रवाना हो गए। उनके साथ तीन अन्य एस्ट्रोनॉट भी स्पेस स्टेशन जा रहे हैं। शुभांशु को लोगों ने स्पेस स्टेशन में जाते हुए देखा। मिशन लॉन्चिंग का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। जैसे ही बेटा स्पेस के लिए रवाना हुआ माता-पिता ताली बजाने लगे। खुशी के मारे शुभांशु की मां की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर उन्होंने बेटे की सलामती की दुआ की। मिशन की सफल लॉन्चिंग के बाद शुभांशु के माता-पिता, स्कूल के टीचर्स ने भांगड़ा किया। अंतरिक्ष में रवाना होते समय शुभांशु ने कहा- जय हिंद, जय भारत। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने बताया- इस पल का इंतजार लंबे अरसे से था। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। कभी नहीं सोचा था कि बेटा इतनी ऊंचाई पर जाएगा। बेटा 14 दिन के लिए अंतरिक्ष में गया है। डर तो लग रहा है। लेकिन वो अपना मिशन पूरा करके लौटेगा। वहीं पिता एसडी शुक्ला ने कहा- यह हमारा सौभाग्य है कि शुभांशु जैसा बेटा हमारे घर में पैदा हुआ।





### एनडीए क्लियर करके आईएएफ पायलट बने शुभांशु शुक्ला

*शुभांशु शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। इनकी शुरुआती पढ़ाई-लिखाई अलीगंज, लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल से पूरी हुई। 12वीं के बाद उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी का एंट्रेंस एग्जाम क्लियर किया और यहीं से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। एनडीए भारत में सशस्त्र बलों (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) के लिए ऑफिसर कैडेट्स को प्रशिक्षण देने वाली एक प्रमुख संस्था है। ये ट्रेनिंग के साथ-साथ एकेडमिक डिग्री भी देती है, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से एफिलिएटेड होती है।*

लड़ाकू विमान उड़ाए

### 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस

शुभांशु को 17 जून, 2006 को भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया। वे एक अनुभवी फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे लड़ाकू विमानों को उड़ाया है। मार्च 2024 में शुभांशु को ग्रुप कैप्टन के पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वे एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। साल 2019 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने उन्हें भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन, गगनयान के लिए 4 अंतरिक्ष यात्रियों में से एक के रूप में चुना। अन्य तीन में ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन, और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप शामिल हैं।

### अंतरिक्ष में अपने साथ क्या-क्या ले गए

शुभांशु शुक्ला अपने साथ विशेष रूप से तैयार की गई भारतीय मिठाइयां ले जा रहे हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया था कि वह अंतरिक्ष में आम का रस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इन्हें आईएसएस पर अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करने की योजना बना रहे हैं। इस मिशन पर भारत ने अब तक करीब 548 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसमें शुभांशु और उनके बैकअप ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर की ट्रेनिंग का खर्च भी शामिल है। ये पैसे ट्रेनिंग, उपकरण और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी में लगे हैं।

### ये सात परीक्षणों को देंगे अंजाम

**प्रयोग-1: छह फसलों के बीज का परीक्षण**

▶▶ शुभांशु आईएसएस पर छह तरह की फसलों के बीज साथ लेकर गए हैं। अपने 14 दिन के सफर के दौरान वे इन बीजों के माइक्रोग्रैविटी में विकास को लेकर अहम जानकारी इकट्ठा करेंगे। इस प्रयोग का मकसद आने वाले समय में अंतरिक्ष में खेती करने के विकल्पों को तलाशना होगा।

**प्रयोग-2: काई के इस्तेमाल पर एक्सपेरिमेंट**

▶▶ शुभांशु अपने मिशन के लिए माइक्रोएल्गी यानी काई के तीन स्ट्रेन लेकर पहुंचे हैं। वे कम गुरुत्वाकर्षण के बीच इन्हें खाने, ईंधन और लंबी अवधि के अंतरिक्ष मिशन के दौरान जीवन बचाने के विकल्प के तौर पर प्रयोग में लाएंगे।

**प्रयोग-3: जीवाणुओं को सुरक्षित रखने पर**

▶▶ एक्सिओम-4 के मिशन में शुभांशु टार्डीग्रेड्स (एक तरह का छोटा जीव, जो कि चरम स्थितियों में भी खुद को सामान्य रख सकता है) पर परीक्षण करेंगे। इसके जरिए यह जानने की कोशिश की जाएगी कि अंतरिक्ष के खतरनाक माहौल में कौन से जीवाणु सुरक्षित रह सकते हैं।

**प्रयोग-4: मांसपेशियों के कमजोर होने पर**

▶▶ यह जानेंगे कि शून्य गुरुत्वाकर्षण में इंसानों में मांस कैसे कम होता है और इससे निपटा कैसे जा सकता है। लंबी अवधि के मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को मसल एट्रोफी यानी मांस घटने की शिकायत आती है। ऐसे में अंतरिक्षयात्रियों पर पाचन से जुड़े सप्लीमेंट्स का असर देखा जाएगा।

**प्रयोग-5: आंखों पर पड़ने वाला प्रभाव**

▶▶ एक स्टडी माइक्रोग्रैविटी के आंखों पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी की जाएगी। यह पता लगाया जाएगा कि अंतरिक्ष में एस्ट्रोनॉट्स की आंखों की पुतलियों का मूवमेंट किस हद तक प्रभावित होता है। साथ ही इससे किसी की तनाव और सजगता कितनी प्रभावित होती है।

**प्रयोग-6: अलग-अलग फसलों की पोषण गुणवत्ता**

▶▶ मिशन के दौरान कुछ बीजों को अंकुरित करने का प्रयास किया जाएगा। इनके पोषक तत्वों को भी मापा जाएगा, जिससे पृथ्वी और जीरो ग्रैविटी में पैदा हुई फसलों के पोषण में अंतर को समझने का प्रयास किया जाएगा। यह प्रयोग भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों के बोझ को घटाएगा, क्योंकि अगर अंतरिक्ष में फसलें बराबर या ज्यादा मात्रा में पोषक होती हैं, तो इन्हें वहीं उगाने की कोशिश की जाएगी।

**प्रयोग-7: यूरिया और नाइट्रेट में सायनोबैक्टीरिया का इस्तेमाल**

▶▶ शुभांशु शुक्ला के सबसे कठिन प्रयोगों में से यह एक रहेगा। दरअसल, अंतरिक्ष में खाना, पानी और ऑक्सीजन की उपलब्धता बड़ी समस्या रही है। खासकर लंबी अवधि के अभियानों के लिए। अब यूरिया और नाइट्रेट में सायनोबैक्टीरिया का इस्तेमाल कर वैज्ञानिक यह देखने की कोशिश में हैं कि क्या अंतरिक्ष की जीरो ग्रैविटी में खाना और ऑक्सीजन एक साथ पैदा किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि यूरिया और नाइट्रेट दोनों ही खाना बनाने के लिए अहम हैं।



### शुभांशु का पसंदीदा है 'स्वदेश'

फ्लोरिडा के नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में एक्सिओम मिशन 4 के ग्रुप कप्तान शुभांशु शुक्ला ने साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म 'स्वदेश' का गाना 'यूं ही चला चल राही' को अपना पसंदीदा गाना बताया है। इस गाने को सुनने के बाद शुभांशु ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। एक्सिओम मिशन 4 के लॉन्च के दिन अपनी प्लेलिस्ट का जिक्र करते हुए शुभांशु शुक्ला ने बताया कि उन्हें शाहरुख खान की फिल्म 'स्वदेश' का गाना 'यूं ही चला चल राही' सुनना बहुत पसंद है।

### वायुसेना बोली- भारत के लिए अद्भुत क्षण

एक्सिओम-4 मिशन की सराहना करते हुए भारतीय वायुसेना ने बुधवार को कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा पर निकले हैं, जो देश के गौरव को पृथ्वी से बाहर ले जाएगी। वायुसेना ने कहा कि यह भारत के निरंतर विस्तृत होती क्षमताओं की पुष्टि करता है। भारतीय वायु सेना के 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में इसे भारत के लिए एक अद्भुत क्षण बताया।

## मर्चेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वेबिनार में मंत्री गोयल बोले

# अगले तीन वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा भारत



*केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। सरकार, व्यापार जगत, उद्योग, व्यापारी समुदाय और 140 करोड़ भारतीय पीएम के 'विकसित भारत 2047' के विजन के साथ एकजुट हैं*

### भारत की मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद काफी मजबूत | कई देशों के साथ एफटीए बेहतरीन अवसर लाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत आने वाले तीन वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अस्थिरता और चुनौतियों के बावजूद भारत अपनी दिशा से डिगने वाला नहीं है। 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार, व्यापार जगत, उद्योग, व्यापारी समुदाय और 140 करोड़ भारतीय पीएम के 'विकसित भारत 2047' के विजन के साथ एकजुट हैं। गोयल ने यह बात कोलकोता में मर्चेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कही, जिसका विषय 'भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर यात्रा : वैश्विक चुनौतियों के बीच मार्गदर्शन' था। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार एक बड़े बदलाव पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास है।

#### देश तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा

तकनीक के क्षेत्र में भारत की ताकत पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और 3डी प्रिंटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में भी अग्रणी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से डरने के बजाय नए अवसरों को अपनाने की अपील की। गोयल ने कहा कि यह विकास का चक्र है, जिसमें पैमाना बढ़ने से प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और यही निर्यात और समृद्धि को गति देता है। भारत की विकास गाथा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

#### विदेशी मुद्रा भंडार 698 अरब

पीयूष गोयल ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 698 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद मजबूत है। हमारा बैंकिंग सिस्टम सशक्त और भरोसेमंद है, जिसकी कर्ज देने की क्षमता भी बहुत अच्छी है। महंगाई फिर से 3 प्रतिशत तक नीचे आ गई है, जो भारत के इतिहास में सबसे कम स्तरों में से एक है।'

#### एमसीसीआई के काम को सराहा

पीयूष गोयल ने एमसीसीआई की 124 वर्षों की यात्रा की भी सराहना की और इसे सरकार, उद्योग और व्यापार समुदाय के बीच एक सेतु बताया। उन्होंने कहा कि एमसीसीआई को 'मोबलाइज कॉमर्स एंड कनेक्टिंग इंडस्ट्रीज' कहना बिल्कुल सही होगा, क्योंकि यह संस्था वास्तव में यही काम करती है।

#### सेवा, सुशासन और नवाचार पर ध्यान

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान ऐसे विकास पर है जो भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप हो और जो 'सेवा, सुशासन और नवाचार' पर आधारित हो। 'अमृत काल' में इस लक्ष्य को पाने के लिए एमसीसीआई की भूमिका बेहद अहम रहेगी। ऐसे संवाद सरकार को यह समझने में मदद करते हैं कि वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितताओं के बीच उद्योगों को कैसे बेहतर समर्थन दिया जाए। मंत्री गोयल ने कहा कि इतिहास हमें याद दिलाता है कि महान अर्थव्यवस्थाएं शांत पानी में नहीं, बल्कि उथल-पुथल भरे समुद्रों में बनती हैं। यह भारत के लिए सुनहरा मौका है और हमें इसे गंवाना नहीं चाहिए।*

## ईरान ने आईएईए से तोड़े संबंध

# सुरक्षा की गारंटी दिए बगैर नहीं देंगे परमाणु निगरानी रिपोर्ट, संसद में बिल पारित किया

**नई दिल्ली।** ईरान की संसद ने बुधवार को एक बिल पारित किया। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था यानी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ संबंध तोड़ने और सहयोग निलंबित करने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई का हवाला देते हुए बताया कि विधेयक के अनुसार, निगरानी कैमरे लगाना, निरीक्षण की अनुमति देना और आईएईए को रिपोर्ट पेश करना तब तक निलंबित रहेगा, जब तक परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती। हालांकि, इस संबंध में संसद को अभी भी एक पूर्ण सत्र में विधेयक को मंजूरी देनी है।

#### तो हम फिर मारेंगे: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर ईरान ने फिर से अपना परमाणु कार्यक्रम शुरू करने की कोशिश की तो हम फिर उस पर हमला करेंगे। ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय सामने आई है, जब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अमेरिकी हमले में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। हालांकि ट्रंप ने इस खबरों को फर्जी करार दिया है।







## पाकिस्तान बना रहा अमेरिका तक निशाना लगाने में सक्षम परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अभी ईरान के परमाणु हथियारों के ठिकानों पर अमेरिका (यूएसए) के हवाई हमले की आग ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि अब भारत के पड़ोस में पाकिस्तान से एक बड़ी ही चिंताजनक जानकारी सामने आई है। जिसका खुलासा खुद अमेरिका की खुफिया एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान गोपनीय तरीके से लंबी दूरी की अंतर-महाद्वीपीय परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास करने में लगा हुआ है। यह एक ऐसी मिसाइल है जो पाकिस्तान से कई हजार किलोमीटर की दूरी पार कर अमेरिका तक निशाना लगाने में सक्षम होगी। पाकिस्तान द्वारा आईसीबीएम का विकास इस बात की ओर भी साफ इशारा करता है कि अब उसके निशाने पर भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका भी आ गया है। उधर, सिपरी की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के पास कुल 170 परमाणु हथियार हैं।

**अमेरिका ने अपनी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में किया यह खुलासा**

### चीन बना पाकिस्तान का मददगार

विदेश मामलों पर तैयार की गई अमेरिका की यह रिपोर्ट बताती है कि पाकिस्तान चीन के सहयोग से अपने परमाणु शस्त्रागार को उन्नत करने के लिए जरूरी तकनीक और मटेरियल हासिल करने में लगा हुआ है। उसकी यह कवायद पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा 7 मई 2025 की मध्यरात्रि के बाद की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद शुरू की गई है। अमेरिका के अधिकारियों का कहना है कि अगर पाकिस्तान ने आईसीबीएम स्तर की किसी मिसाइल का विकास किया तो वाशिंगटन के पास उसे 'परमाणु शत्रु' देश के रूप में नामित करने के अलावा कोई और विकल्प शेष नहीं बचेगा। कोई भी ऐसा देश जिसके पास आईसीबीएम है और जो अमेरिका तक निशाना लगा सकती है।

## पीएफआई की हिट लिस्ट में थे 950 लोग, पूर्व जिला जज का नाम भी शामिल

**कोच्चि (एजेंसी)।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एनआईए ने बताया है कि प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने केरल में 950 लोगों की एक 'हिट लिस्ट' तैयार की थी। इस लिस्ट में एक रिटायर्ड जिला जज का नाम भी शामिल है। यह खुलासा उस वक्त सामने आया जब एनआईए ने इस महीने की शुरुआत में केरल के एक विशेष अदालत में यह जानकारी पेश की। यह मामला 2022 में पलक्कड़, केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से जुड़ा है, जिसमें चार आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई हो रही थी। एनआईए की जांच में 51वें आरोपी सिराजुद्दीन से जब्त किए गए आठ दस्तावेजों में 240 लोगों की सूची मिली, जो अलग-अलग समुदायों से ताल्लुक रखते थे। इसके अलावा, अलुवा के पेरियार वैली कैंपस में तलाशी के दौरान 15वें आरोपी अब्दुल वहाद के पर्स से पांच लोगों की हिट लिस्ट बरामद हुई।

**अमेरिका ने अपनी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में किया यह खुलासा**

### पीएफआई हथियारों की ट्रेनिंग दे रहा

एनआईए की जांच में यह भी सामने आया कि पीएफआई ने श्रीनिवासन की हत्या के पीछे गहरी साजिश रची थी। इस हत्याकांड की तहकीकात के दौरान पीएफआई का लिंक सामने आया है। जांच में पता चला कि संगठन देश में अशांति फैलाने की योजना बना रहा था। एनआईए ने यह भी खुलासा किया कि पीएफआई अपने कैडरों को फिजिकल और हथियारों की ट्रेनिंग दे रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि उनके पास वॉयस क्लिप्स और गवाहों के बयान हैं, जो पीएफआई के 'इंडिया 2047 प्लान' की बात करते हैं। इस योजना में भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने की साजिश थी। इन सबूतों ने पीएफआई के खौफनाक मंसूबों को और साफ कर दिया।

## मारा गया विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में की गई बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत-पाकिस्तान में चरम सीमा पर जा पहुंचे तनाव के बीच देश में आक्रोश के साथ सबसे ज्यादा पाकिस्तान की सेना के जिस अधिकारी की चर्चा हुई थी। वो था मेजर मुईज अब्बास शाह। क्योंकि अब्बास ने ही ये दावा किया था कि उसने एयर स्ट्राइक के बाद भारत की वायुसेना के अफसर विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ा। आज देश में एक बार फिर से मेजर अब्बास की चर्चा इसलिए हो रही है। क्योंकि उसे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में तहरीक-ए-तालिबान पाक के आतंकियों ने ढेर कर दिया है। यह एक प्रकार से अभिनंदन की गिरफ्तारी के बाद उसके साथ बना हुआ भारत का बदला पूरा होने के समान है। साथ ही पाक की सेना का यह एक बड़ा नुकसान है। मेजर अब्बास के साथ पाक सेना का एक जवान लांस नायक जिबरान भी मारा गया।

**पाक के खैबर पख्तूनख्वा में हुई एक मुठभेड़ में टीटीपी ने किया कारनामा**

### पाक विमानों को खदेड़ने में शामिल अभिनंदन

गौरतलब है कि 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला किया था। जिसमें केंद्रीय अर्धसैन्यबल के कुल 40 जवान शहीद हो गए थे। जवाब में हमले के 12 दिन बाद भारत ने 26 फरवरी को बालाकोट एयरस्ट्राइक की और पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मौजूद आतंकवादियों के प्रशिक्षण ठिकानों को मटियामेट कर दिया था। इसके बाद पाक ने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमले की योजना बनाई और करीब 24 लड़ाकू विमान भारत पर हमले के लिए भेजे। जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। आसमान में दोनों वायु सेनाओं के बीच कांटे की लड़ाई हुई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25